



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

वर्ष 35 अंक 33 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 02 नवंबर 2023 डाक 03 नवंबर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


**विविधा**

भोपाल में करवा चौथ के अवसर पर हिंदू विवाहित महिलाएं अनुष्ठान करती हुई.....



**देश-विदेश**

दिवाली से पहले सीएम योगी का तोहफा, उ'जवला योजना के ढाई लाख लाभार्थियों को मिलेगा फ्री सिलेंडर



**खुला-पन्ना**

रोजाना खाली पेट एक सेव खाना शुरू कर दें, फायदे देख नहीं कर पाएंगे विश्वास



## केजरीवाल ने ईडी को पत्र लिखकर अपना नोटिस वापस लेने की मांग की



**नईदिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पत्र लिखकर उसे अपना नोटिस वापस लेने की मांग की और दावा किया कि यह ''गैरकानूनी एवं राजनीति से प्रेरित'' है। ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाला से संबंधित धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। जांच एजेंसी के दिल्ली कार्यालय में पूर्वाह्न 11 बजे आने पर ईडी उनका बयान दर्ज करेगी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि ईडी के नोटिस के जवाब में केजरीवाल ने इसे ''गैरकानूनी और राजनीति से प्रेरित'' बताया है और इसका उद्देश्य उन्हें उन राज्यों में प्रचार करने से रोकना है जहां विधानसभा चुनाव होने हैं। केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर उन्हें नोटिस भेजा गया है।

## राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची केरल सरकार, लगाए गंभीर आरोप

**नईदिल्ली, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की है। केरल सरकार का आरोप है कि राज्यपाल कई विधेयकों को मंजूरी नहीं दे रहे हैं। याचिका में कहा गया है कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के पास आठ विधेयक लंबित हैं, जिन्हें राज्य विधानसभा ने पारित कर दिया है।

याचिका में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की मंजूरी के लिए विधेयक भेजे गए थे लेकिन राज्यपाल उन्हें मंजूरी नहीं दे रहे हैं। आरोप है कि तीन विधेयक बीते दो सालों से राज्यपाल के पास लंबित हैं।



याचिका में केरल सरकार ने मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल को निर्देश दे कि वह समय से विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी दें।

याचिका के अनुसार, सभी विधेयकों को समय से मंजूर करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करने के लिए राज्यपाल बाधित हैं ताकि लोगों के हित में जनकल्याणकारी योजनाएं लागू हो सकें। याचिका में आरोप लगाया गया है कि राज्यपाल अपने कर्तव्य का पालन करने में विफल रहे हैं। जो विधेयक राज्यपाल के पास लंबित हैं, उनमें राज्यपाल को सरकारी विश्वविद्यालयों के चांसलर पद से हटाने का विधेयक भी लंबित है।

## ईडी ने हवाला लेनदेन मामले में दिल्ली के मंत्री के परिसरों सहित 12 स्थानों पर ली तलाशी



**नईदिल्ली, 02 नवंबर ।**

कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछताछ से पहले, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मंत्री और आप नेता राज कुमार आनंद के परिसर सहित राष्ट्रीय राजधानी में 12 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली। यह छापेमारी 7 करोड़ रुपये से अधिक की सीमा शुल्क चोरी और अंतरराष्ट्रीय हवाला लेनदेन के लिए आयात की झूठी घोषणा के सिलसिले में की गई थी। ईडी के एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया, पीएमएलए के तहत शुरू की गई मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में ईडी कैबिनेट मंत्री राज कुमार आनंद की तलाश कर रही है। सूत्र ने कहा डीआरआई द्वारा दायर शिकायत के आधार पर जांच शुरू की गई है, इसमें 7 करोड़ रुपये से अधिक की सीमा शुल्क चोरी और अंतरराष्ट्रीय हवाला लेनदेन के लिए आयात में झूठी घोषणाओं का आरोप लगाया गया है।

सूत्र ने कहा, अदालत ने शिकायत पर संज्ञान लिया है। सूत्र ने कहा, दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर लगभग 12 परिसरों की तलाशी ली जा रही है। इस बीच, केजरीवाल को कथित शराब घोटाले के मामले में पूछताछ के लिए दिन में ईडी के सामने पेश होना है, जिसमें आप नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। यह पहली बार है कि मुख्यमंत्री को कथित घोटाले के संबंध में ईडी ने तलब किया है। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उनसे पहले इस साल अप्रैल में पूछताछ की थी।

## रायपुर में श्रीराम नगर के लोगों ने किया चुनाव का बहिष्कार

**रायपुर।** अब तक गांव, कस्बों में काम न होने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी खबरें,तस्वीरें आती रहीं हैं। लेकिन इस बार शहर वह भी राजधानी में एक संभ्रांत कॉलोनी के रहवासी विरोध में उतर आए हैं। शंकर नगर श्रीराम नगर के लोगों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी। इसे लेकर इलाके के फ्लाई ओवर समेत श्रीराम नगर फेस 1 में जगह जगह बैनर पोस्टर लगाए गए हैं। ये लोग B1 और राजस्व रिकार्ड में गड़बड़ी से परेशान हैं। वे साढ़े तीन दशक से अपना ही संपत्ति के दस्तावेजों के लिए भटक रहे। अबकी बार काम कराने वाले प्रत्याशी को ही वोट देने की बात कह रहे हैं।

## मुख्यमंत्री विजयन को जान से मारने की धमकी मिली

**केरल, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

राज्य पुलिस मुख्यालय में किसी व्यक्ति ने फोन कर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह धमकी बुधवार शाम को पुलिस मुख्यालय के नियंत्रण कक्ष को फोन करके दी गई। मीडिया में प्रसारित कुछ खबरों में बताया गया है कि यह फोन कॉल किसी नाबालिग लड़के ने किया था। इस संबंध में सवाल किए जाने पर पुलिस ने कहा कि वह मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।पुलिस ने बताया कि इस घटना के संबंध में म्यूजियम पुलिस थाने में धमकी देने के लिए इस्तेमाल किए गए फोन नंबर के खिलाफ केरल पुलिस अधिनियम की धाराओं 118 (बी) और 120 (ओ) के तहत मामला दर्ज किया गया है। धारा 118 (बी) पुलिस, दमकल विभाग या किसी अन्य आवश्यक सेवा को गुमराह करने के लिए जानबूझकर अफवाहें फैलाने से संबंधित है। धारा 120(ओ) संचार के किसी भी माध्यम से किसी भी व्यक्ति को बार-बार या अवांछनीय या गुमनाम फोन कॉल, पत्र, संदेश, ई-मेल या मैसेंजर के माध्यम से परेशान करने से संबंधित है।



## भारत, यूरोपीय संघ समेत 27 देशों ने एआई के जोखिमों पर जताई सहमती, पहले अंतरराष्ट्रीय घोषणा पत्र पर किये हस्ताक्षर




**न्यूयॉर्क, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

भारत समेत 27 अन्य देशों और यूरोपीय संघ ने यूनाइटेड किंगडम में एक बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजन्स से जुड़े जोखिमों का आकलन करने के लिए मिलकर काम करने का वचन देते हुए एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए।

इस बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले जो देश शामिल थे उनमें ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चिली, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, आयरलैंड, इज़राइल, इटली, जापान, केन्या, सऊदी, अरब, नीदरलैंड, नाइजीरिया, फिलीपींस, कोरिया गणराज्य, रवांडा , सिंगापुर, स्पेन, स्विट्जरलैंड, तुर्की, यूक्रेन, संयुक्त अरब अमीरात, ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड का यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ थे। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के कार्यालय के आधिकारिक पेज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, अग्रणी एआई देश एआई सुरक्षा पर दुनिया के पहले समझौते पर पहुंचे हैं।

## शरणार्थी शिविर पर इजरायल के हमलों में 195 से अधिक लोगों की मौत, हमास ने दी जानकारी



**गाजा-जेरूसलम, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

इजरायल और हमास के बीच लगातार युद्ध बढ़ता जा रहा है। इस युद्ध के दौरान अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, कई लोग गाजा पट्टी को छोड़ कर दूसरी जगहों पर विस्थापित हुए हैं।वहीं, गुरुवार को गाजा पट्टी को छोड़ने के लिए और भी कई विदेशी लोग तैयार हो गए हैं। हमास द्वारा संचालित सरकार ने कहा कि जबालिया शरणार्थी शिविर पर इजरायल के हमलों में कम से कम 195 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई।500 लोगों की सूची में कम से कम 320 विदेशी नागरिक, साथ ही दर्जनों गंभीर रूप से घायल गजावासी, इजरायल, मिस्र और हमास के बीच एक समझौते के तहत बुधवार को मिस्र में प्रवेश कर गए। ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बुल्गारिया, चेक गणराज्य, फिनलैंड, इंडोनेशिया, इटली, जापान, जॉर्डन, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के पासपोर्ट धारक निकासी में थे।गाजा सीमा अधिकारियों ने कहा कि सीमा पार करना गुरुवार को फिर से खोल दिया जाएगा ताकि अधिक विदेशी बाहर निकल सकें। एक राजनयिक सूत्र ने कहा कि लगभग 7,500 विदेशी पासपोर्ट धारक लगभग दो सप्ताह में गाजा छोड़ देंगे।7 अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल में इस्लामी समूह के सीमा पार हमले के बाद हमास को खत्म करने के अपने अभियान में इजरायल ने हमास के आतंकवादियों के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई करते हुए जमीन, समुद्र और हवा से गाजा पर बमबारी की है। इजरायल ने कहा कि हमास ने 1,400 लोगों को मार डाला है, जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे और 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि 7 अक्टूबर से अब तक इजरायली हमलों में 3,648 बच्चों सहित संकीर्ण तटीय इलाके में कम से कम 8,796 फलस्तीनी मारे गए हैं। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट ने कहा कि घनी आबादी वाले गाजा शहर में अल-कुद्स अस्पताल के आस-पास गुरुवार तड़के विस्फोटों की आवाज सुनी गई।

## संगरूर में बड़ा सड़क हादसा, कार व तेल टैंकर की जोरदार भिड़ंत, बच्चे समेत 6 की मौत



**संगरूर।** सुनाम मैहलां रोड पर बुधवार मध्यरात्रि उपरांत तेल टैंकर की हुई टक्कर में एक बच्चे समेत 6 लोगों की मौत हो गई। सुनाम से सभी व्यक्ति एक मारुति कार में मालेरकोटला माथा टेंकने के लिए गए थे तथा वापस आते हुए सुनाम के समीप हादसा का शिकार हो गए। मृतकों में एक 5 वर्षीय बच्चा भी मौजूद था। तीन मृत्यु को सिविल अस्पताल सुनाम तथा तीन के शव सिविल अस्पताल संगरूर भेजे गए हैं। मृतकों में विजय कुमार 50 वर्षीय दिवेश कुमार 33 वर्षीय दीपक जिंदल 32 वर्षीय, कृष्ण कुमार व नीरज सिंगला व एक बच्चा शामिल है।

सभी व्यक्ति रात के समय सुनाम से एक मारुति कार में सवार होकर मालेरकोटला पीर की दरगाह पर माथा टेंकने के लिए गए थे। देर रात को ही वापस आते हुए मैहलां के समीप दो टैंकरों के बीच में मारुति कार की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि मारुति कार में सवार 6 व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई।

## यह मामला बहुत गंभीर, सच बाहर आना चाहिए, महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगे आरोपों पर बोले देहाद्राई



**नईदिल्ली, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों पर वकील जय अनंत देहाद्राई ने कहा है कि आरोप बेहद गंभीर हैं और इस मामले में सच बाहर आना चाहिए। बता दें कि जय अनंत देहाद्राई का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है जब आज महुआ मोइत्रा संसद की एथिक्स कमेटी के सामने पेश हो सकती हैं। महुआ ने मांग की थी कि एथिक्स कमेटी 5 नवंबर के बाद उन्हें बुलाए लेकिन एथिक्स कमेटी ने 2 नवंबर को टीएमसी सांसद को पेश होने का आदेश दिया। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा एथिक्स कमेटी के सामने पेश होने के लिए अपने नई दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से निकल गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है और फिलहाल मामला संसद की एथिक्स कमेटी के सामने है। यह सही नहीं होगा कि मैं अभी इस पर कोई टिप्पणी करूं। मेरी विनती है कि सच बाहर आना चाहिए और मैं इसके अलावा कुछ नहीं चाहता। देहाद्राई ने कहा यह कमेटी का अधिकार है कि उसे क्या करना चाहिए और क्या नहीं। ना तो मैं या कोई अन्य व्यक्ति यह नहीं बता सकता कि समिति को कैसे काम करना चाहिए। महुआ मोइत्रा पर आरोप लगे हैं कि उन्होंने संसद में अदाणी ग्रुप के खिलाफ सवाल पूछने के लिए बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से पैसे और महंगे उपहार लिए थे। हालांकि महुआ मोइत्रा ने आरोपों को खारिज कर दिया है लेकिन उन्होंने दर्शन हीरानंदानी के साथ अपने संसदीय लॉग इन पासवर्ड साझा करने की बात स्वीकार की।

## 4 लाख का कंबल वाहन से जब्त चेक पोस्ट पर एसएसटी टीम ने पकड़ा

**बलरामपुर, 02 नवंबर [एजेंसी]।**



जिले के विभिन्न चेकपोस्ट के माध्यम से एसएसटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए नगद समेत सामान जब्त किया है। टीम ने 3 लाख 91 हजार रुपये नगद समेत 400 कंबल जब्त किया है। एसएसटी टीम द्वारा जिले के धनवार चेक पोस्ट और रामानुजगंज के कन्हर नदी चेक पोस्ट पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। धनवॉर चेक पोस्ट पर एसएसटी टीम ने 4 लाख 60 हजार रुपये की जीएसटी भी वसूली की है। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है. जिसके तहत जिले के विभिन्न चेक पोस्ट में दल के गठन के माध्यम से अवैध रूप से ले जाने वाली सामग्रियों पर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में धनवार चेक पोस्ट पर जांच के दौरान वाहन क्रमांक CG 15 DT 2300 से 1 लाख 30 हजार और दूसरे वाहन क्रमांक DL CG 4727 से 2 लाख 61 हजार 500 रुपये जब्त किया गया है। वहीं रामानुजगंज के कनहर चेक पोस्ट से एसएसटी टीम के द्वारा 400 नग कंबल जब्त किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 36 हजार बताई जा रही है।

## 62 करोड़ भक्तों तक पहुंचेगा भगवान राम का प्रसाद 5 नवंबर को अयोध्या से निकलेंगे विहिप कार्यकर्ता

**अयोध्या, 02 नवंबर [एजेंसी]।**



अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन के पहले उनका प्रसाद उन 62 करोड़ रामभक्तों तक पहुंचाने की तैयारी है जिन्होंने राम मंदिर के लिए किसी न किसी प्रकार से अपना सहयोग दिया था। इसके लिए विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के 45 सांगठनिक प्रान्तों के विशेष पदाधिकारी चार नवंबर तक अयोध्या पहुंच जाएंगे। पांच नवंबर को वे अयोध्या से भगवान राम के प्रसाद के रूप में एक अक्षत कलश लेकर अपने प्रान्तों को रवाना होंगे। इस अक्षत प्रसाद को प्रांत से विभाग, विभाग से प्रखंड और अंततः राम भक्तों के घरों तक पहुंचाया जाएगा। इसके माध्यम से देश के पांच लाख गांवों तक पहुं चकर सबको राम मंदिर के उद्घाटन के दिन पूजा-पाठ के जरिए उद्घाटन कार्यक्रम से जोड़ना है।

अक्षत कलश कार्यक्रम में शामिल विहिप कार्यकर्ताओं के पास उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र भी होंगे। इसे क्षेत्र के गणमान्य लोगों को देकर उद्घाटन कार्यक्रम में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। चूंकि, उद्घाटन के दिन अयोध्या में भारी संख्या में लोगों के पहुँचने का अनुमान है, राम मंदिर ट्रस्ट और विहिप ने लोगों से अपील की है कि वे अयोध्या पहुंचने की बजाय अपने स्थानीय मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में ही सहभागिता करें।





**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथैरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथैरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन जारी छत्रपति संभाजीनगर जिले में इंटरनेट सेवा बंद



**मुंबई, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में जारी मराठा आरक्षण आंदोलन के बीच अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए छत्रपति संभाजीनगर के ज्यादातर हिस्सों में गुरुवार को इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। एक अधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) सुजाता सौनिक से आदेश मिलने के बाद यह कदम उठाया गया है। अधिकारी के मुताबिक, छत्रपति संभाजीनगर शहर को छोड़कर यह आदेश गंगापुर, विजयपुर, खुल्दाबाद, फुलंब्री, सिल्लोड, कन्नड, पैठण, सोयगाओं और छत्रपति संभाजीनगर तालुकाओं में लागू रहेगा।

अधिकारी ने बताया कि कानून-व्यवस्था को बनाए रखने और अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए डोंगल, ब्रॉडबैंड, वायरलाइन इंटरनेट, फाइबर इंटरनेट के माध्यम से दी जाने वाली इंटनेट सेवा को कुछ अवधि के लिए बंद कर दिया गया है।

# प्रेक्षक प्रियतु मण्डल ने किया स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण

**कोरबा ।** निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा और रामपुर विधानसभा के लिए नियुक्त प्रेक्षक आई.ए.एस. श्री प्रियतु मंडल ने झगरहा स्थित आई.टी.कालेज में स्थापित किए जा रहे स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री मण्डल ने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूमों में जाकर ईव्हीएम मशीनों और मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्रियों की व्यवस्था की जानकारी ली।

प्रेक्षक श्री प्रियतु मण्डल को अपर कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार साहू एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी और मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा वापसी पर सामग्री लेने की व्यवस्थाएं बताई।

प्रेक्षक ने मतगणना के लिए तय कमरों में भी पहुंचकर वहां किए जा रहे इंतजामों का जायजा लिया तथा विधानसभावार गणना के लिए लगने वाली टेबलों की स्थिति, अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं के बैठने आदि की व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्ट्रांगरूम तथा मतगणना स्थल पर सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से ली।

एमसीएमसी कक्ष, वीडियो अवलोकन कक्ष, कंट्रोल रूम का भी किया निरीक्षण

कोरबा और रामपुर विधानसभा के लिए नियुक्त प्रेक्षक



आई.ए.एस. श्री प्रियतु मंडल ने वाणिज्य कर कार्यालय में विधानसभा निर्वाचन हेतु बनाये गये मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण इकाई(एमसीएमसी), वीडियो अवलोकन कक्ष, सी-वीजिल- कंट्रोल रूम, वेयर हाउस आदि का अवलोकन किया। उन्होंने एमसीएमसी इकाई द्वारा प्रतिदिन के अखबारों, टीव्ही चैनलों, सोशल मीडिया एकाउंट में अभ्यर्थियों के प्रचार संबंधी सामाग्रियों को चिन्हित कर पैड न्यूज के प्रकरण हेतु प्रेषित करने के निर्देश दिए। प्रेक्षक ने एमसीएमसी कक्ष, वीडियो अवलोकन कक्ष, सी-वीजिल- कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों से उनके कार्यों के संबंध में बारीकी से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

शराब दुकान और शराब गोदाम का भी किया निरीक्षण

प्रेक्षक श्री प्रियतु मंडल और व्यय आब्जर्वर श्री ओ.एन.हरिप्रसाद राव तथा पुलिस आब्जर्वर श्री सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी ने शराब दुकान और गोदाम में जाकर यहां किये जा रहे रिकार्ड संधारण सहित उपलब्ध स्टाक की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

## प्रेक्षकों ने मतदान केन्द्रों में पहुंचकर लिया व्यवस्था का जायजा



**कोरबा ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के चारो विधानसभा के लिये प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी प्रेक्षक कोरबा पहुंच गये हैं। इसी कड़ी में आज कोरबा और रामपुर विधानसभा के प्रेक्षक आई.ए.एस. श्री प्रियतु मंडल और पाली-तानाखार तथा कटघोरा विधानसभा के प्रेक्षक आई.ए.एस. श्री सी.के.जमातिया ने संबंधित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री जमातिया ने पाली-तानाखार विधानसभा अन्तर्गत ग्राम हरनमुड़ी के मतदान केन्द्र क्रमांक 299 एवं 300, ग्राम ईरफ के मतदान केंद्र क्रमांक 190 व 191, गोपालपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 194, ग्राम चैतमा के मतदान क्रमांक 209 एवं 210, विधानसभा कटघोरा अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 33 मोहलाईन भाठा, मतदान केंद्र क्रमांक 31 एवं 32 कसनिया, मतदान केंद्र क्रमांक 30 जुराली, मतदान केंद्र क्रमांक 36 एवं 40 कटघोरा, मतदान केंद्र क्रमांक 49, 53,55 एवं 56 ग्राम जेंजरा, मतदान केंद्र क्रमांक 196 रजकम्मा सहित दीपका, गेवरा, कुसमुंडा, कटघोरा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया। उन्होंने पाली-तानाखार विधानसभा अन्तर्गत ग्राम ईरफ में मतदाताओं के घर में मतदाता कार्ड और मतदान करने के संबंध में भी जानकारी ली। प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसी तरह कोरबा और रामपुर विधानसभा के प्रेक्षक श्री प्रियतु मण्डल ने शासकीय प्राथमिक शाला डूमरमुड़ा, बरेड़ीमुड़ा, चोरभट्टी, गोपालपुर, रामपुर, झगरहा, बालको, रूमगरा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी, बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे।

### आम नागरिक प्रेक्षकों से कर सकते हैं भेंट

**कोरबा ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत रामपुर और कोरबा विधानसभा हेतु प्रेक्षक श्री प्रियतु मंडल (आईएएस), मो.नं. 7587016645 से आम नागरिक प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक कावेरी भवन गेस्ट हाउस, कटघोरा और पाली-तानाखार हेतु प्रेक्षक श्री सी.के.जमातिया .(आईएएस), मो.नं. 7587016646 से आम नागरिकगण प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में मिलकर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।. इसी तरह व्यय आब्जर्वर श्री ओ.एन.हरिप्रसाद राव (आईआरएस) मो.नं. 7587016535 और पुलिस आब्जर्वर श्री सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी (आईपीएस) मो.नं. 7587016647 से सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

### शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी

**कोरबा ।** निर्वाचन संबंधित शिकायतों हेतु आम नागरिकों के लिए कोरबा जिले में हेल्पलाइन नंबर 07759-224608 जारी की गई है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 1950 में भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सी-विजील ऐप में आम नागरिक शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### विज्ञापन आदि की अनुमति के लिए एमसीएमसी के कक्ष क्रमांक 20 में किया जा सकता है संपर्क

**कोरबा ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण समिति गठित की गई है। निर्वाचन संबंधी विज्ञापन, पाम्फ्लेट की अनुमति के संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए वाणिज्य कर कार्यालय (जीएसटी भवन) कक्ष क्रमांक 20 में अजित तिर्की मोबाइल नंबर 999323942, सुरेश कंवर मोबाइल नंबर 9131558605 में संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह जिले के मीडिया प्रतिनिधि निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए मीडिया सेंटर में सुश्री उष्मा घोष मोबाइल नंबर 9810493820 तथा मनोज कुमार रजक 9329942755 के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# आई.पी.एस. के विद्यार्थियों ने जाना राष्ट्रीय एकता की ताकत एवं महत्व

**कोरबा।** राष्ट्रीय एकता एक ऐसी ताकत है जो समान को एक-दूसरे से जोड़े रखती है । एकता का अर्थ है एक साथ मिलकर रहना, काम करना और एक दूसरे को समझना । आज के समय में हर युवा को करना और एक दूसरे को समझना । आज के समय में हर युवा को राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझना अनिवार्य है ।

राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है । वे एक स्वतंत्रता सेनानी थे । उन्होने देश के लिए कई योगदान दिए हैं । सरदार पटेल के प्रयास से ही 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था क्योंकि भारत की यह रक्तहीन क्राँति थी । इसी एकीकरण के लिए उन्हे लौह पुरूष की उपाधि मिली ।

राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरूआत केन्द्र सरकार द्वारा 2014 में दिल्ली में की गई थी । राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य मं हर साल 31 अक्टूबर को मनाया जाता है । भारत की गणना विश्व के सबसे बड़े देशों में एक के रूप में की जाती है ।652 के आसपास भाषाएँ और बोलियाँ बोली जाती है ।

यह देश दुनिया के सभी प्रमुख धर्मों को जैसे-हिंदू, बौध्द, ईसाई, जैन, इस्लाम, सिख और पारसी धर्मों को विभिन्न संस्कृति, खानपान की आदतों, परंपराओं पोशाकों और सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ शामिल करता है । इसका प्रत्येक भाग एक ही संविधान द्वारा बहुत ही शांति के साथ नियंत्रित है ।

स्वतंत्रता के पश्चात 500 से भी ज्यादा देशी रियासतों का एकीकरण सबसे बड़ी समस्या थी । 5 जुलाई 1947 को सरदार पटेल ने रियासतों के प्रति नीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'रियासतों को तीन विषयों -सुरक्षा विदेश तथा संचार व्यवस्था के आधार पर भारतीय संघ में शामिल किया जाएगा ।

इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में राष्ट्रीय एकता दिवस के



उपलक्ष्य में प्रत्येक विद्यार्थियां को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई । विद्यालय के सम्माननीय प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को कक्षा स्तर पर एवं सामूहिक रूप से राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व तथा राष्ट्र के प्रति योगदान के लिए भी आभार व्यक्त किया ।

सभी विद्यार्थियों ने एक स्वर से राष्ट्रीय एकता की शपथ ली तथा भविष्य में भी सतत रूप से राष्ट्र की एकता और अखंण्डता की रक्षा करने की कसम खाई । विद्यार्थियों ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी, पारदर्शिता, सदनिष्ठा व भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ ली । विद्यार्थियों ने रैली निकाल कर सरदार वल्लभभाई पटेल के जयकारे के साथ तथा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ स्वच्छता रैली निकाली। इस रैली में सभी कक्षा स्तर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं जन सामान्य को राष्ट्रीय एकता का संदेश देने का प्रयास किया। राष्ट्रीय एकता रैली में प्रमुख रूप से श्री योगेश कुमार शुक्ला, श्री देवाशीष परीदा, श्री सुखेंद्र सिंह राय एवं श्री हेमलाल श्रीवास का भरपूर योगदान रहा । सुखेंदु सिंह राय ने बच्चों को संबोधित करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल के देश के प्रति योगदान से अवगत कराया। श्री *सुखेंद्र सिंह राय ने* विद्यार्थियों की जानकारी में इजाफा करते हुए बताया कि आज हमारे भारत देश का नक्शा आप जो देख रहे हैं वह वास्तव में पहले ऐसा नहीं था ।पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया ।एकता में अनेकता का पाठ पढ़ाने वाले हमारे देश के महान व्यक्ति थे सरदार वल्लभ भाई पटेल। उनके रीति एवं नीति तथा देश प्रेम की भावना स्पष्ट थी ।वह सभी भारतीयों के दिल में आज भी राज करते हैं। सच में सरदार वल्लभभाई पटेल लोह पुरुष थे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के पश्चात सरदार पटेल उप प्रधानमंत्री के साथ प्रथम गृह, सूचना तथा रियासत विभाग के मंत्री भी थे। सरदार पटेल की महानतम देन थी 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण करना ।सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। इसका कारण यह है कि नव स्वतंत्र देश में राष्ट्रीय एकीकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता संपूर्ण और समझौताहीन थी , जिसके कारण उन्हें %भारत का लौह पुरुष% की उपाधि मिली। जब तक हम अपने देश की सुरक्षा व समृध्दि के प्रति सतर्क और जागरूक नहीं होंगे जब तब तक हम व्यक्तिगत रूप से राष्ट्र की शांति एवं सुरक्षा के प्रति जवाबदार नहीं होंगे तब तक अमन व चैन की उम्मीद करना सिफर रहेगा । राष्ट्र की एकता और अखंण्डता की जिम्मेदारी केवल सीमा पर पेहरा देने वाले हमारे वीर सैनिकों की नहीं है अपितु यह हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी व महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है ।

## एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक हुए सेवानिवृत्ति, दी गई विदाई

**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा के मुख्य महाप्रबंधक बी. रामचंद्र राव सेवानिवृत्त हो गए। वे एनटीपीसी टाउनशिप स्थित केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 के अध्यक्ष की भी भूमिका निभा रहे थे। उनके रिटायरमेंट के क्षण को यादगार बनाते हुए मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 कोरबा में एक समारोह का आयोजन किया गया।केंद्रीय विद्यालय की ओर से श्री राव को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उनके सहयोगी सीनियर मेनेजर मानव संसाधन श्री राम, आरके साहू सर, शैलेश कुमार चौहान उपस्थिति रहे। सर्वप्रथम विद्यालय के स्काउट गाइड के विद्यार्थियों द्वारा कलर पार्टी से उनका स्वागत किया गया। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करने के पश्चात विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अशोक देवांगन द्वारा स्वरचित कविता के रूप में विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एसके साहू ने शॉल व श्रीफल प्रदान कर श्री राव का स्वागत व सम्मान किया गया। प्राचार्य श्री साहू ने विदाई समारोह के अवसर पर भाषण प्रस्तुत किया और उपहार देकर देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अर्चना खरे ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का योगदान रहा। विद्यालय के शिक्षक एम तिवारी इस अवसर पर उपस्थित रहे। मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक राजेश देवांगन ने किया।

## लूट के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**कोरबा।** पुलिस ने मोबाइल लूट के आरोपी को पकड़ा हैं. जानकारी के मुताबिक आषा चौहान ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28.10.2023 को दोपहर कोसाबाडी नेक्सा शोरूम से पैदल पैदल अपने मोबाईल फोन से बात करते हुए पोडीबहार अपने घर जा रही थी। नेक्सा शोरूम से थोड़ी दूर आगे पहुंची थी तभी मोटर सायकल सवार एक अज्ञात चोर पीछे से प्रार्थिया के पास आकर उसके दाहिना हाथ से मोबाईल फोन को झटककर भाग गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन रामपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल के आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। जिसमें एक व्यक्ति मो.सा. से लूट करते हुए चेहरा दिखाया दिया। जिसके आधार पर आरोपी की खोजबीन पता तलाष की जा रही थी।



## खेत में घूम रहा था भारी भरकम मगरमच्छ वन विभाग ने पकड़कर जलाशय में छोड़ा

**कोरबा।** जिले के सरहदी गांव परसदा में उस समय हड़कंप मच गया, जब धान कटाई करने पहुंचे ग्रामीणों की नजर खेत में घूम रहे भारी भरकम मगरमच्छ पर पड़ी। सूचना पर पहुंचे वन हमले ने रेस्क्यू कर मगरमच्छ को खूंटा घाट जलाशय में छोड़ा, तब कही जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।कटघोरा वनमंडल के पाली वन परिक्षेत्र में ग्राम परसदा स्थित है। यह गांव सरहदी इलाके में होने के साथ-साथ बिलासपुर जिले के खुटाघाट जलाशय से लगा हुआ है। जिसके कारण आए दिन क्षेत्र में खूंटा घाट जलाशय से निकलकर मगरमच्छ आबादी वाले क्षेत्र तक पहुंच जाते हैं। बुधवार को भी एक मगरमच्छ परसदा तक जा पहुंचा। यह मगरमच्छ गांव में रहने वाले लखेश्वर जगत के खेत में डेरा डाला हुआ था।

## सर्व सम्मति से चुने गए डड़सेना महासभा के पदधिकारी

**कोरबा।** क्षेत्रीय डड़सेना कलार समाज महासभा क्षेत्र कोरबा की नई पदाधिकारियों का चुनाव बीते दिनों हुआ। महासभा क्षेत्र के 13 ईकाई की सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध हुआ।

चुने गए पदाधिकारियों में अध्यक्ष बृजमोहन डिक्सेना (सीस), क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद डिक्सेना (डुड़गा), सचिव देवलाल डिक्सेना (सैला), कोषाध्यक्ष रमेश डिक्सेना (पाली), सहसचिव बेदराम डिक्सेना, सहसचिव कमल किशोर जायसवाल (बिंझरापारा), पंचराम डिक्सेना (मुनगाडीह), कार्यकारिणी सदस्यों में रामरतन डिक्सेना, नत्थुराम जायसवाल, दाऊलाल डिक्सेना दिलीप डिक्सेना, राखीलाल डिक्सेना, महाबीर डिक्सेना, दीपक डिक्सेना, कौशिक प्रसाद डिक्सेना, बालाराम डिक्सेना, राम अवतार डिक्सेना, नेतराम डिक्सेना, सुरेश जायसवाल, रमाकांत डिक्सेना शामिल हैं। महासभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित संरक्षक लक्ष्मण प्रसाद डिक्सेना, रामगोपाल डिक्सेना, जवाहरलाल जायसवाल हैं।

नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों ने पद की शपथ ली और अपने कार्यकाल में समाज हित में काम करने और सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने के लिए सामाजिक विचारधारा में चलने और समाज को चलाने की बात कही। महासभा क्षेत्र कोरबा के निर्वाचन में भारी संख्या में सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति रही। नवनिर्वाचित संरक्षक रामगोपाल डिक्सेना ने पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद डिक्सेना को उनके कार्यकाल में समाज को आगे बढ़ाने और संगठन को मजबूत बनाने निष्पक्ष रूप से समाज के हित में काम करने, सम्पूर्ण सामाजिक कार्य योजना को सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए शाल, श्रीफल एवं गमछा प्रदान कर सम्मानित किया।

### वाहन जा गिरा खेत में बाल-बाल बचे लोग

**कोरबा।** कोरबा जिले में अलगीडांड की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित ग्राम मादन के आश्रित मोहल्ला सरैहापारा के पास एक वाहन एक खेत में जा गिरा। इस घटना का सुखद पहलु यह रहा कि बोलेरो पलटी नहीं हुई। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।

बताया जा रहा है कि बोलेरो में सवार लोग एक छठ्ठी कार्यक्रम में जा रहे थे। वाहन मोड़ में अचानक अनियंत्रित हो गया। इससे वाहन सीधे खेत में जा गिरा। घटना में किसी को गंभीर रूप से चोट नहीं लगी।



### नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन के समर्थन में किया सघन जनसंपर्क

**कोरबा।** कोरबा नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने बालको क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन के समर्थन में सघन जनसंपर्क किया, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात कर भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन के समर्थन में अपील कर जनता से वोट मांगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री मंदाकिनी त्रिपाठी, शक्ति केंद्र संयोजकगुमान सिंह, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्चना रूनिझा, भाजपा बालको महामंत्री शैलेंद्र सिंह, व्यवसाई रमेश सोनी, शेखर वर्मा, जे.पी. सोनी, विजय सोनी, दीपाली विश्वास, मालती वर्मा, अभिजीत त्रिपाठी, अनीता सोनी आदि के साथ अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### डीएसपीके बाद निरीक्षक को भेजा मुख्यालय

**कोरबा।** निर्वाचन आयोग द्वारा यातायात प्रभारी रहे शिवचरण सिंह परिहार को पुलिस मुख्यालय में अटैच किया गया वहीं अब टी आई सनत सोनवानी को पुलिस मुख्यालय में अटैच कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय में आमद देने के लिए टी आई सनत सोनवानी रवाना हो गए हैं।

## निर्दलीय प्रत्याशी ने लिया नामांकन वापस

**कोरबा।** विधान सभा कोरबा से चुनाव मैदान में उतरने नामांकन दाखिल करने वाले निर्दलीय प्रत्याशी एसआर अंचल ने अपना फैसला बदल लिया है। उन्होंने कांग्रेस कार्यस्लय पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी राजस्व मंत्री और कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल को अपना समर्थन दे दिया है। उन्होंने श्री अग्रवाल द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य से प्रभावित होकर समर्थन देने और पक्ष में प्रचार करने की बात भी कही है।



यहां बताना लाजिमी होगा कि चुनाव लड़ने के लिए सभी उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। अब नाम वापसी का दौर जारी है। जिसके बाद 2 नवंबर की शाम तक यह सूची फाइनल हो जाएगी। कौन-कौन से प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए विधानसभा चुनाव में जाएंगे। इसकी तस्वीर नाम वापसी के बाद ही साफ होगी। जिले के 4 विधानसभाओं में कोरबा विधानसभा से चुनाव लड़ने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है। इन्हीं में से एक एसआर अंचल भी हैं। जिनकी खास तौर पर सतनामी समाज में अच्छी खासी पैंठ रही है। अपने समर्थकों के साथ अंचल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कोरबा विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन भरा था। लेकिन अब मतदान के पहले, नाम वापसी के दौरान ही उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है और जय सिंह अग्रवाल को समर्थन दे दिया है।

एसआर अंचल ने बताया कि कोरबा विधानसभा में काफी बढ़िया काम हुए हैं। कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकरी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में जयसिंह अग्रवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह खुद भी काफी सक्रिय रहते हैं। उनकी कार्यशाली भी बेहद सकारात्मक रही है। उनके नेतृत्व में कोरबा में लगातार विकास कार्य हुए हैं। जयसिंह अग्रवाल द्वारा किये गए कार्यों से प्रभावित होकर ही मैंने अपना नाम वापस लेने का निर्णय लिया है।

### तांबे के केबल वायर को चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कोरबा ।** कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध कैश फ्लो रोकने हेतु दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये थे, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर एवं थाना प्रभारी बांगो निरीक्षक मनीष चन्द्र नागर के नेतृत्व में 01 नवंबर को बागों कर्मचारी भ्रमण पर ग्राम मानिकपुर की ओर रवाना हुए। ग्राम मानिकपुर में जरिये मुखबीर सूचना मिली कि मानिकपुर गांव के पास खार में एक संदिग्ध व्यक्ति तांबे के केबल वायर को चोरी कर तांबा निकालने एवं बेचने के लिये जला रहा है।

उक्त सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा दबिश देकर घेराबंदी करते हुए कथित आरोपी को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 30 किलोग्राम तांबा का तार एक प्लास्टिक बोरी में रखा हुआ एवं एक मोटर सायकल मिली। चोरी के संदेह पर कथित आरोपी के कब्जे से 30 किलोग्राम तांबा का तार एवं मोटर सायकल को कब्जा पुलिस लिया गया। उक्त मशरुका एवं मोटर सायकल चोरी का होने के पूर्ण संदेह पर आरोपी को 41 (1-4) जाफौ / 379 भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

### विद्युत संयंत्रों को कोयला आपूर्ति बढ़ाने के निर्देश



**कोरबा ।** कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने पावर सेक्टर को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने कहा है। वे एसईसीएल सहित कोल इंडिया की सभी अनुषंगी इकाइयों की वीसी के माध्यम से समीक्षा कर रहे थे। सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि देश मे ऊर्जा की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए हमें लक्ष्य से अधिक कोयला पवार सेक्टर को देना है। उन्होंने अन्य सेक्टर के कोयले की आपूर्ति में कटौती कर पावर कंपनियों को अधिक से अधिक सप्लाई करने को कहा। कोल इंडिया चेयरमैन पी.एम. प्रसाद के कहा कि पावर सेक्टर को लक्ष्य से अधिक आपूर्ति की जा रही है। मीटिंग में उपस्थित बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता ने कंपनी द्वारा पावर सेक्टर को दी जा रही आपूर्ति से सचिव को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि औसतन 90 लाख टन कोयले की प्रतिदिन आपूर्ति की जा रही है। समीक्षा बैठक में डिस्पैच का अलावा प्रोडक्शन बढ़ाने, नए माइंस में लिए भूमि अधिग्रहण में तेजी लाने और पर्यावरण क्लियरेंस से संबंधित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने पर बल दिया गया। समीक्षा बैठक में बीसीसीएल के अलावा अन्य सभी कंपनी के सीएमडी और डीटी उपस्थित थे।

## नगदी रकम और मोबाईल के साथ सटोरिया पकड़ाया



**सक्ती ।** नगर के राम मंदिर के पास सट्टा खेला रहे सटोरिए को पुलिसने पकड़ा और उससे 1 हजार 20 रूपए और एक मोबाइल जब्त किया।

पुलिस के अनुसार राम मंदिर रोड सक्ती निवासी अंकित अग्रवाल उर्फ कालू द्वारा 31 अक्टूबर को सट्टा खेलाया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर दबिश दी और अंकित अग्रवाल को पकड़ा। उससे एक मोबाइल ओप्पो कंपनी का और एक हजार 20 रूपए नगद जब्त किया।

आरोपित के पास से लाखों रूपए के सट्टे का हिसाब मिला और कई लोगों के नंबर भी मिले हैं। पुलिस मोबाइल के नंबरों को भी खंगाल रही है। आरोपित के विरूद्ध छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 केतहत अपराध दर्जकर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया । इस कार्रवाई में थाना सक्ती के प्रधान आरक्षक अजय प्रताप कुर्रे, आरक्षक वेश जाटवर, गणेश साहू,दिलाराम मनहर श्याम गबेल, सेतराम पटेल, आरक्षक अफसा परवीन ज्वाला की योगदान रहा।

# लाखों की खेल सामाग्री जप्त कर किया खेला



**सक्ती ।** जिले की उड़न दस्ता (एफएसटी) की टीम ने सोंठी सक्ती के एक गोदाम में रखे 500 क्रिकेट किट को जब्त किया है। सहायक व्यय प्रेक्षक रवि अग्रवाल ने बताया कि ग्राम सोंठी में शिकायत मिलने पर सक्ती के नाका चौक बिजली आफिस के पास एफएसटी दल क्रमांक 1 द्वारा जांच की गई।

जांच में पाया गया कि 74 सुभाष मार्ग मुंगेली निवासी आकाश चंदेल पिता प्रकाश चंदेल द्वारा सक्ती के नाका चौक बिजली आफिस के पास मोहम्मद समी खान पिता मोहम्मद शरीफ के गोदाम में 500 नग क्रिकेट किट रखवाया गया है। सभी किट में दो नेट, तीन टेनिस बाल, 6 स्टंप और 4 गिल्ली बैग में रखा हुआ है। 500 नग क्रिकेट किट की कीमत 10 लाख रूपए बताई जा रही है।

ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव में धन बल का उपयोग रोकने लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में यह कार्रवाई हुई है। राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ता ही एक-दूसरे की शिकायत निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों से कर रहे हैं। इससे सामग्री जब्ती करने में आसानी हो रही है । उड़न दस्ता टीम गोदाम मालिक से इस संबंध में पूछताछ कर रही है। टीम ने क्रिकेट किट को जब्त कर लिया है।

# जुआ खेलने वाले 5 गिरफ्तार

**जांजगीर - चांपा।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दनांक 01.11.23 को मुखीबर सूचना मिला कि थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम ग्राम खोड़ रेलवे लाइन किनारे तालाब के पास में कुछ लोग रूपयें पैसा का दांव लगाकर, काट पत्ती नामक जुआ खेल रहें है कि सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपी (01) संजीत निवासी मुरली थाना मुलमुला (02) कमल जोगी निवासी मुरलीडी थाना मुलमुला (03) प्रमोद कुमार रत्नाकर साकिन सजापाली थाना अकलतरा (04) राहुल राठौर खोखरा थाना जांजगीर (05) प्रजा जोगी निवासी मुरलीडी थाना मुलमुला को जुआ खेलते पाया गया आरोपियों के कब्जे से जुमला नगदी रकम 31920 /रूपया एवं 52 पत्ती तास एवम घटना स्थल पर मोटर साइकिल बजाज सिटी 100 क्र. C G- 11-AS- 6219 कीमती 25000 / रू, मो.सा होंडा शाइन बिना नंबर किमती 35000/ रू को समक्ष गवाहन के बरामद किया।

आरोपियों के विरूद्ध थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 560 / 2023 धारा 3 (2) जुआ अधिनियम कायम कर विधिवत् गिरफ्तार कर छ.ग. जुआ प्रतिषेद अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना अकलतरा से निरी. तुलसिंह पट्टावी, उपनिरी. बाबुलाल कोसरिया एवं सायबर सेल से उप निरी. पारस पटेल, Asi मुकेश पाण्डेय, प्र.आर राजकुमार चंद्रा, आर. रोहित कहर, गिरीश कश्यप, सिदार पैकरा का सराहनिय योगदान रहा।

## महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर - चांपा।** पीड़िता दिनांक 01.11.2023 को सुबह 08/00 बजे अपने *घर पर अकेली थी तभी आरोपी देवीलाल कश्यप घर अंदर आया और पीड़िता को घर में अकेली देखकर बेजत्ती करने की नियत से हाथ बांह पकड़ा मना करने पर गाली गलौच किया और हाथ मुक्का से मारपीट किया तब यह चिल्लायी तो आरोपी भाग गया*। पीड़िता द्वारा घटना के संबंध में अपने पति को बताई तो थाना रिपोर्ट करने जा रही थी तो आरोपी द्वारा रास्ते में पीड़िता को थाना मत जाना, नहीं तो अच्छा नहीं होगा कहकर जान से मारने की धमकी दे रहा था। दोनो किसी तरह थाना आए। पीड़िता के रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अप. क्र. 322/23 धारा 452, 354 ख, 323, 506 बी, 190 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

घटना की सूचना मिलने पर नवागढ़ पुलिस द्वारा तत्काल आरोपी को उसके सकुनत से पकड़ कर हिरासत में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी को अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर दिनांक 01.11.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## यातायात उलल्घन करने वालों के विरूद्ध लगातार की जा रही है कार्यवाही

**चांपा-जांजगीर।** जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 01.11.2023 को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी, वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नही होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नहीं होना अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 122 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 40,900 / रू का समन शुल्क लिया गया है। जिसमें थाना बलौदा द्वारा 03 प्रकरण में 5000/ रू, थाना सारागांव में 08 प्रकरण में 2400/ रू. यातायात में 111 प्रकरण में 33,500/रू इस प्रकार जिले में कुल 122 प्रकरण में 40,900 /रु समंस शुल्क लिया गया है। जिला पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने अपने वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगाने एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा नहीं करने एवं मो.सायकल में तीन सवारी नही चलाने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने हेतु समझाईस दी जा रही है।



## सेवा निवृत्त आरक्षक को शाल श्रीफल भेंट कर दी गई पुलिस अधीक्षक द्वारा विदाई

**चांपा-जांजगीर।** रक्षित केन्द्र जांजगीर में पदस्थ आरक्षक राजेश दास का पुलिस विभाग में सेवा अवधि पूर्ण होने जाने से दिनांक 31.10. 23 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर में पुलिस अधीक्षक जांजगीर द्वारा सम्मानित करते हुए साल श्रीफल भेंटकर सम्मान पूर्वक दी गई विदाई। उपरोक्त कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, स्टेनो राजेन्द्र श्रीवास्तव, मुख्य लिपिक दिनेश शर्मा एवं कार्यलयीन स्टॉफ उपस्थित रहें।

# जातिगत वोटों के कारण पामगढ़ सीट पर दो पार्टियों को लगातार मिली जीत




**पामगढ़।** अविभाजित मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ गठन तक जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ विधानसभा में वर्ष 1967 से लेकर अब तक हुए 12 विधानसभा चुनाव में एक बार ही भाजपा को जीत मिली है। जबकि 6 बार कांग्रेस तो पांच बार बसपा ने बाजी मारी है। वर्तमान में लंबे समय से पामगढ़ विस को बसपा का गढ़ माना जाता है। 2008 और 2018 के चुनाव में यहां बसपा को जीत मिली। वहीं 2013 में पहली बार पामगढ़ विधानसभा में कमल खिला। यहां से बीजेपी के अंबेश जांगड़े ने जीत हासिल की। 2018 के चुनाव में भी बीजेपी ने उन्हें मैदान में उतारा पर उन्हें हार का सामना करना पड़ा। बसपा की इंदू बंजारे ने जीत दर्ज की और बसपा से पहली महिला विधायक बनी। इस बार भी बसपा ने उन पर दोबारा भरोसा जताया है और उन्हें पामगढ़ सीट से चुनाव मैदान में उतारा है।

**2008 में रिजर्व होने के बाद से कांग्रेस को नहीं मिली जीत**

1952 से लेकर 1990 तक 38 सालों तक यहां कांग्रेस के ही विधायक बनते आए। फिर 1990 में बहुजन समाज पार्टी ने पहली बार जीत दर्ज की और 1997 तक लगातार तीन बार जीती। सन 1967 से लेकर 1972 तक यह सीट एससी वर्ग के लिए रिजर्व रही। 1977 से 2003 तक सामान्य वर्ग के लिए रिजर्व रही। इसके बाद फिर से 2008 के आम चुनाव में एससी वर्ग के लिए सुरक्षित की गई। 2008 में रिजर्व होने के बाद पिछले तीन चुनाव के आंकड़े देखें तो दो बार बसपा व एक बार बीजेपी को जीत मिली है। कांग्रेस का खाता नहीं खुल पाया।

**वर्ष जीत विधायक**

1967 कांग्रेस कुलपत सिंह भारद्वाज
1972 कांग्रेस महावीर कुर्रे
1977 कांग्रेस शिवप्रसाद शर्मा
1980 उपचुनाव कांग्रेस शिवप्रसाद शर्मा
1985 कांग्रेस शिवप्रसाद शर्मा
1990 बसपा दाऊराम रत्नाकर
1993 उपचुनाव बसपा दाऊराम रत्नाकर
1998 बसपा दाऊराम रत्नाकर
2003 कांग्रेस राजेश्री महंत रामसुंदर दास
2008 बसपा दूजराम बौद्ध
2013 भाजपा अंबेश जांगड़े
2018 बसपा इंदू बंजारे

**फिर... कांग्रेस के गढ़ में बसपा ने मारी थी बाजी**

1990 के चुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ। बामसेफ के बाद तब नई बनी बसपा ने सामाजिक समीकरण को साधकर सामान्य सीट से अनुसूचित जाति के उम्मीदवार दाऊराम रत्नाकर को टिकट दी। एससी बाहुल्य सीट में बसपा ने ऐसा समीकरण रचा कि एक नहीं बल्कि तीन बार लगातार जीते। पहले चुनाव में जनता दल के आनंद मिश्रा को हराया। इसके बाद 1993 में उपचुनाव में भी बाजी मारी और भाजपा के बिशुन कश्यप को पराजित किया।

## भाई की हत्या, आरोपी को कारावास

**जांजगीर - चांपा।** फावड़ा मारकर बडे भाई की हत्या करने वाले आरोपित को सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 25 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन के अनुसार जांजगीर थाना क्षेत्र के ग्राम पिसौद में 29 जून 2022 को सुबह 7 बजे दिलेराम साहू बाड़ी में जा रहे पानी को रोकने के लिए फावड़ा से मिट्टी पाट रहा था । इसी दौरान गांव का दिलहरण साहू गली तरफ पानी लाने से मना किया । मगर दिलेराम साहू नहीं माना । जिस पर दिलहरण साहू ने अपने बड़े भाई दिलेराम के सिर पर फावड़ा से प्रहार कर दिया ।

जिससे उसका सिर फट गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई । इसके बाद उसने खुद ही अपने बड़े भाई की हत्या करने की सूचना सरपंच पति गिरधारी साहू को मोबाइल से दी । जब सरपंच पति और ग्रामीण वहां पहुंचे तो दिलहरण शव के पास बैठा था। घटना की सूचना पर पुलिस ने दिलहरण के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस ने अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया । मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने मृतक की मां का भी बयान लिया । उसने बताया कि आरोपित ने उसे भी मारने के लिए दौड़ाया । गवाहों के बयान के आधार पर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने आरोपित दिलहरण साहू (55) को धारा 302 के तहत अपने भाई की हत्या के लिए उम्र कैद और 25 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया । अर्थदंड नहीं देने पर तीन माह का सश्रम कारावास भुगताए जाने का आदेश दिया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक राजेश पांडेय ने पैरवी की ।

## हथनेवरा गांव जनसंपर्क में पहुंचे डॉ महंत

**जांजगीर चांपा।** सक्ती विधानसभा सीट के प्रत्याशी व कांग्रेस के कद्दावर नेता डॉ चरणदास महंत आज सक्ती विधानसभा क्षेत्र के हथनेवरा गांव जनसंपर्क के दौरान पहुंचे हुए थे। इस दौरान डॉ महंत ने गांव में घूम-घूम कर लोगों से जनसंपर्क किया। उन्होंने मीडिया के सवालों का भी जवाब दिया।आपको बता दे कि डॉ महंत इन दिनों लगातार विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे हैं। उन्हें लोगों का भरपूर प्यार मिल रहा है। हथनेवरा गांव में जनसंपर्क के दौरान उनके साथ महंत समर्थक और समाजसेवी दुष्यंत सिंह भी नजर आए। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौके पर मौजुद थे।



# पासीद गांव में लोगों ने चुनावी सभा लेने पहुंची सांसद महंत को लौटाया





**जांजगीर चांपा।** सक्ती विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. चरणदास महंत की पत्नी कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत को पासीद गांव के लोगों ने फटकने नहीं दिया। ग्रामीणों ने हो हंगामा करते हुए उनकी सभा को संपन्न होने नहीं दिया और उन्हें घेरकर यह कहने लगे कि गांव में पहली बार अपने दर्शन हो रहे हैं। बीते पांच साल तक कहां थे। उनके कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को समझाइश देने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण नहीं मान रहे थे। आखिरकार ज्योत्सना महंत को वापस जाना पड़ा।

सक्ती विधानसभा के डॉ. चरणदास महंत को चुनाव प्रचार के दौरान लगातार विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले महंत को उनके विधानसभा क्षेत्र टोहिलाडीह में भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। इसके बाद सोमवार की शाम को जब ज्योत्सना महंत अपने कार्यकर्ताओं के साथ पासीद गांव गईं तो उन्हें ग्रामीणों ने घेर लिया है और विरोध करने लगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में बिजली पानी सडक़ जैसी कई तरह की मूलभूत समस्याएं हैं।

जिसे विधायक पांच साल में सुलझा नहीं पाए। आज जनता केवल वोट देने के लिए हैं क्या? ग्रामीणों को लाउड स्पीकर के माध्यम से शांत कराने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन ग्रामीणों ने किसी की नहीं मानी और लगातार नारेबाजी करते हुए उनका विरोध शुरू कर दिया। ऐसे में ज्योत्सना महंत भी कुछ बोल नहीं पाई। आखिरकार उन्हें बिना चुनाव प्रचार के ही वापस जाना पड़ा।

**हर गांव में हो रहा विरोध**

डॉ. महंत पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्होंने केवल सक्ती शहर में विकास को फोकस किया है। ग्रामीण अंचलों में वे मतदाताओं को पलटकर नहीं देखा। जिसके चलते उनका विरोध हो रहा है। हालांकि चुनाव में भाजपा के डॉ. खिलावन साहू डॉ. महंत के सामने छोटा कद माना जा रहा है लेकिन चर्चा यह है कि विभिन्न समाज के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए भाजपा के पक्ष में वोट देने की भी बातें कर रहे हैं।

**कंचनपुर।** दीपावली पर्व के लिए 10 दिन का समय बाकी है। इलाके में मिट्‌टी के दिए और दीप मालिका बनाने का काम जोरों पर है। कुमहारों ने बताया कि हिन्दू त्योहार की उनकी आजीविका का सबसे बड़ा माध्यम बने है, बाकी त्योहार केवल नाम भर के लिए है।

# मैं ह पामगढ़ क्षेत्र के सेवा करे बर आय हव: शेषराज हरबंश

### डोंगाकोहरौद,भिलौनी, जौरैला धनगांव, कोसीर और ससहा में मिले लोगों से

**पामगढ़।** कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती शेषराज हरबंश को जनसंपर्क के दौरान लोगो का अपार समर्थन मिल रहा है।पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 में चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती शेषराज हरबंश लगातार शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर लोगो से भेंट मुलाकात करते हुए प्रदेश कांग्रेस द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवम घोषणाओं से अवगत कराते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर प्रदेश में एक बार फिर कांग्रेस भूपेश बघेल की सरकार बनाने अपील कर रहे है।

आज छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती शेषराज हरबंश ने डोंगाकोहरौद,भिलौनी, जोरैला धनगांव, कोसीर और ससहा पहुंचे, जहां लोगो का भारी जनसमूह उनके साथ मौजूद रहा।वही महिलाओं द्वारा पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।लोगो में भारी उत्साह देखने को मिला।

ग्राम डोंगाकोहरौद में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीदी शेषराज हरबंश ने कहा कि मैं ह पामगढ़ क्षेत्र के सेवा करे बर आप मन के बीच म आय हव।पिछले 10 साल से आप मन के प्यार,दुलार मिलत आवत हे।ये बारी चुनाव जीता कर विधायक बनावा आऊ क्षेत्र के विकास बर रास्ता खोला। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस की घोषणाओं से लोगो को अवगत कराया और प्रदेश कांग्रेस द्वारा 5 वर्ष पूर्व चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वायदों को प्रदेश में सरकार बनते ही पूरा किया गया।वही एक बार फिर जहां किसानों की कर्ज माफी के साथ ही साथ गैस सिलेंडर में 5 सौ रुपए सब्सिडी के साथ महिला समूहों के कर्जा माफी की घोषणा की गई है।वही दूसरी और शिक्षा को हर वर्ग तक पहुंचाने मुफ्त शिक्षा की घोषणा को लेकर आमजन में अपार उत्साह नजर आ रहा है।जिसका जीवंत उदाहरण कांग्रेस प्रत्याशी शेषराज हरबंश के जनसंपर्क अभियान के दौरान देखने को मिला।लोगो ने न केवल दीदी का आत्मीय स्वागत सत्कार किया।बल्कि उन्हें विधायक बनाने लोग संकल्पित नजर आए। जनसंपर्क के दौरान बुजुर्ग,युवा, बहनें और महिलाओं सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# शत प्रतिशत मतदान के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

### निर्वाचन प्रेक्षकों, कलेक्टर एवं एसपी ने हस्ताक्षर कर नागरिकों से मतदान करने की अपील की

**जांजगीर-चांपा।** 'कोसा कांसा कंचन, वोट करेगा जन-जन'' की थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अभिव्यक्ति एवं हस्ताक्षर अभियान के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक डॉ किरण एच कुलकर्णी, जे गणेशन, पुलिस प्रेक्षक एम. अर्शी, व्यय प्रेक्षक विमल चंद्र दास, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने जिला पंचायत परिसर में बोर्ड में हस्ताक्षर कर नागरिकों से मतदान करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत पूरे जिले में लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, श्रीमती लवीना पाण्डेय, गुड्डु लाल जगत, जिला पंचायत सीईओ आर के खुंटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, स्वीप नोडल अधिकारी डॉ आराध्या राहुल कुमार, सर्व रिटर्निंग अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित सभी नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी ने भी हस्ताक्षर किया।

### मतगणना स्थल, सामग्री मूवमेंट और सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ किरण एच कुलकर्णी, जे गणेशन, पुलिस प्रेक्षक एम. अर्शी, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज संयुक्त रूप से स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

# प्रेक्षको ने निर्वाचन की तैयारियों के संबंध सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर अधिकारियों की ली बैठक

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ किरण एच कुलकर्णी, जे गणेशन, पुलिस प्रेक्षक एम. अर्शी, व्यय प्रेक्षक विमल चंद्र दास ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में सर्व रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारियों, सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में प्रेक्षकों ने कहा कि निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने में रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी समन्वय बनाकर दायित्वों का निर्वहन करें।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्वाचन की सम्पूर्ण तैयारियों से सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक को अवगत कराया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र अकलतरा, जांजगीर-चांपा एवं पामगढ़ के मतदान केंद्रों की संख्या, मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं, ईवीएम एवं वीवीपेट मशीनों के प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन, मतदान दलों का प्रशिक्षण, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केंद्र, स्वीप गतिविधियां, कानून व्यवस्था, जिला की सीमा क्षेत्रों में निगरानी दलों की तैनाती, ईवीएम मशीनों को मतदान केन्द्रों तक पहुचाने की व्यवस्था, एफएसटी व एसएसटी, एमसीएमसी, मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखने सहित अन्य निर्वाचन कार्यों की पारदर्शिता और सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था आदि की विस्तृत जानकारी दी गई।

अनमोल वचन

हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती हैं ।

# फिर एक ट्रेन हादसा

प्रश्न है कि इस तरह की जानलेवा मानवीय भूल बार-बार क्यों हो रही है। यह यह कहानी इस असल मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए फैलाई जाती है कि भारतीय रेल एक ढहते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर की मिसाल बनकर रह गई है। इस प्रश्न पर गंभीर विचार-विमर्श की जरूरत है कि हर कुछ अंतराल पर देश में भीषण ट्रेन हादसे क्यों हो रहे हैं। इस बार ऐसी दुर्घटना आंध्र प्रदेश में हुई है। फिर एक खड़ी पैसेंजर ट्रेन को पीछे आकर एक दूसरी पैसेंजर ट्रेन ने टक्कर मार दी। ऐसी घटनाओं के तुरंत बाद अक्सर मीडिया में मानवीय भूल की कहानी प्रचारित कर दी जाती है। मगर प्रश्न है कि इस तरह की जानलेवा मानवीय भूल बार-बार क्यों हो रही है। यह यह कहानी इस असल मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए फैलाई जाती है कि भारतीय रेल एक ढहते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर की मिसाल बनकर रह गई है। दशकों से भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की जरूरत बताई जाती रही है। इसके लिए समितियां और आयोग बने। लेकिन उनकी सिफारिशें मंत्रालय की अलमारियों में धूल फांकती रही हैं। इस बीच देश के कर्ता-धर्ताओं ने अपनी प्राथमिकताएं बदल लीं। आज प्राथमिकता यह नजर आती है कि आर्थिक रूप से सक्षम यात्रियों के लिए कुछ सुविधाजनक ट्रेनें चला दी जाएं और बाकी सब जैसा है, उसी हाल में चलने दिया जाए। चूंकि व्यापारीकरण का नजरिया राजकाज पर हावी है, इसलिए आम नागरिक की जान या सुविधाएं स्वतः प्राथमिकता में नीचे चली जाती हैं।

इस वर्ष आई सीएजी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि 2021-22 में सभी श्रेणियों की यात्री सेवाओं को मिलाकर रेलवे को हुई आय में 68,269 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। हालांकि माल ढुलाई से लगभग इतनी रकम का ही मुनाफा भी हुआ। अब चूंकि नजरिया हर सेक्टर से हुए हानि-लाभ पर टिका है, तो जाहिर है, आम यात्री सेवाओं को उपेक्षायोग्य समझा जाने लगा है। बहरहाल, प्रश्न है कि क्या यह सोचने का सही नजरिया है। किसी संभावनापूर्ण समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सस्ते परिवहन को ऐसी जरूरी सेवाएं समझा जाता है, जिन्हें उपलब्ध कराना सरकार का दायित्व माना जाता है। यह अर्थव्यवस्था के विकास के लिए भी अनिवार्य समझा जाता है। वैसे भी समाज या अर्थव्यवस्था का मकसद इनसान को बेहतर जिंदगी मुहैया कराना ही है। बार-बार हो रही रेल दुर्घटनाएं संभवतः इस बात का संकेत हैं कि भारत इस मकसद से भटकता चला जा रहा है।

## राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन खुशियां लेकर आने वाला है। आज आपको अपनी समस्त समस्याओं का समाधान माता-पिता के सहयोग से मिल जायेगा, आप रिलैक्स फील करेंगे। आज जीवनसाथी आपके लिए कुछ ख़ास करने का प्लान बनाएंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपकी मुलाकात कुछ प्रभावशाली लोगों से होगी, जिनसे आपको कुछ नयी बातें सीखने को मिलेगी। इस राशि के जो लोग पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें अपने काम में सफलता मिलेगी। आपको किसी समस्या को सुलझाने का तुरंत रास्ता मिल जायेगा, सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन आपके लिए नया बदलाव लाने वाला है। आपको अचानक किसी काम से मुनाफा होगा, भौतिक सुख सुविधाएं बढ़ेगी। इस राशि के जिन लोगों का स्टेशनरी का बिजनेस है, उनको रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। खेलकूद से जुड़े लोगों को खुद को साबित करने के कई मौके मिलेंगे।

कर्क राशि : आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। आज आपकी सेहत ठीक रहने वाली है। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए।

सिंह राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आपको अपने अधिकारों की प्राप्ति होगी, जिससे आपको खुशी मिलेगी। घर परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताएंगे, लोगों में आपसी ताल मेल बना रहेगा।

कन्या राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों को आज नई उपलब्धियां मिलेगी, दिन व्यस्तता से भरा होगा। बिजनेस के सिलसिले में आपकी यात्रा के योग बन रहे हैं, आपकी यात्रा लाभदायक रहेगी। आपके आस-पास पॉजिटिव बदलाव आपकी जिंदगी को बेहतर बनायेगा।

तुला राशि : आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ घर के किसी काम को पूरा करने का प्लान बनाएंगे। पैतृक सम्पत्ति से आज आपको लाभ मिलेगा। आज आपके रुके हुये सभी काम आसानी से पूरे होंगे। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। कई दिनों से चल रही कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी । मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत में प्रभावित हो सकती है। आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय पर चर्चा करेंगे।

धनु राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज रोजगार के कई अवसर मिलेंगे। नृत्य सीख रहे लोगों के लिए दिन बेहतरीन है, आपको कोरियोग्राफर से नया सीखने को मिलेगा। छात्र आज अपनी पढाई में व्यस्त रहेंगे, किसी टॉपिक को समझने में सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। आज आप परिवारजनों के साथ समय बितायेंगे।

मकर राशि : आज के दिन आपके अन्दर आत्मविश्वास बना रहेगा। परिवार के साथ अगर किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो जल्द पूरा होगा। आपकी भौतिक सुख-सुविधाएं बनी रहेंगी। नए कामों को करने के लिए आपका भाग्य पूरा साथ देगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। जो लोग फ्रेशर हैं, उनको किसी दोस्त की मदद से अच्छी जॉब लगेगी। आर्थिक रूप से आ रही कठिनाइयों से आज आपको निजात मिलेगी। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे । लवमेट आज कहीं घूमने जायेंगे, साथ में लंच का प्लान बनाएंगे।

मीन राशि : आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपका विरोध करने वाले लोग भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप मानसिक रूप से शांति महसूस करेंगे। आज सगे सम्बन्धियों से आपको आर्थिक मदद मिलती रहेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में सफलता मिलेगी।

# एर्नाकुलम विस्फोट : डराती है ऐसी घटना

//अवधेश कुमार//

**किसी आतंकवादी घटना की गंभीरता का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं होता कि उसमें कितने लोगों की मौत हुई। केरल में एर्नाकुलम जिले के कलामसेरी के कन्वेंशन सेंटर यानी सम्मेलन केंद्र में हुआ विस्फोट हर दृष्टि से डराने और चिंतित करने वाली घटना है। निस्संदेह, तीन व्यक्तियों की मृत्यु तथा 51 लोगों का घायल होना सुरक्षा एजेंसियों के लिए थोड़ी राहत का विषय है। हालांकि एक व्यक्ति की भी मृत्यु या घायल होना हमारे लिए चिंता का विषय होना चाहिए। यहोवाज विटनेसेस या यहोवा विटनेस समुदाय के तीन दिनों के कार्यक्रम में 2000 के आसपास लोग उपस्थित थे।**

तीन विस्फोट का मतलब इसकी पहले से पूरी तैयारी की गई थी। यह भी साफ हो गया है कि विस्फोट ईईडी से ही हुआ। अभी यह कहना मुश्किल है कि कोच्चि निवासी डोमिनिक मार्टिनि नामक व्यक्ति द्वारा घटना की जिम्मेवारी लेने का सच क्या है। क्या वह अकेले इस विस्फोट में शामिल था या उसके साथ अन्य लोग थे? जो कुछ वह कह रहा है उतना ही सच है या इसके पीछे कोई व्यापक षड्यंत्र है? राष्ट्रीय जांच एजेंसी या एनआईए और केरल का आतंकवाद निरोधी दस्ता की छानबीन के बाद इसका पूरा सच सामने आएगा। किंतु केरल सरकार द्वारा बिना सोचे समझे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आरोपित करने से ज्यादा गैर जिम्मेदार कुछ नहीं हो सकता। तो केरल के रुख और यहोवाज विटनेसेस के साथ इस समय देश का जैसा वातावरण है और विशेष कर केरल में जैसा तनावपूर्ण माहौल बनाया गया है उनकी गहराई से विवेचना आवश्यक है।

यहोवा विटनेस के लोग यीशु मसीह को ईर न मानकर उनका पुत्र मानते हैं तथा स्वयं को वास्तविक क्रिश्चियन कहते हैं। यह क्रिसमस और ईस्टर जैसी छुट्टियां भी नहीं मानते। इनके सामाजिक नियम और रीति- रिवाज काफी सख्त हैं, जिसमें तलाक लेने और रक्त लेने तक का निषेध है। स्वाभाविक अन्य ईसाई मतावलंबियों के साथ इनका तनाव होता है। जो ईसा मसीह को ईर मानते हैं वो ईर न मानने वालों का विरोध करेंगे। ये लोगों के बीच अपना विचार प्रसार कर उन्हें अपने साथ शामिल करने की कोशिश करते हैं और इससे भी तनाव पैदा होता है। ध्यान रखिए, केरल में लगभग तीन दशक पहले इस समूह के तीन बच्चों पर उनके स्कूल में राष्ट्रगान का अपमान करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की थी और यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक गया था। यह समुदाय अपने विस्तार के लिए ऐसी बातें बोलता है, जिससे निस्संदेह भारत विरोध या यहां की सभ्यता, संस्कृति, सामाजिक व्यवहार आदि की निंदा और उनके अंत करने तक की बातें होती हैं। केरल में चर्च की कुछ गतिविधियां भी समाज को असहज करने वाली रही हैं और उनका विरोध होता रहा है। मार्टिनि ने घटना के बाद छह मिनट का एक वीडियो जारी किया जिसमें कह रहा है कि उसने इसलिए किया क्योंकि संगठन की शिक्षाएं देशद्रोही है। इसकी विचारधारा खतरनाक है और इसलिए इसे राज्य में समाप्त करना होगा। उसका कहना है कि उसने कई बार संगठन को अपनी शिक्षा या विचार को सही करने को कहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। उसके अनुसार चूंकि मेरे पास कोई अन्य विकल्प नहीं था, इसलिए मैंने यह निर्णय लिया। यहोवाज विटनेस ने उसे अपना पंजीकृत सदस्य मानने से इनकार किया है।

जिस तरह डोमिनिक मार्टिनि बयान दे रहा है उससे नहीं लगता कि समूह से उसका संबंध नहीं रहा होगा। निश्चित रूप से इस घटना के बाद डोमिनिक मार्टिनि के साथ समूह की, गतिविधियों, विचारों , संसाधनों आदि की व्यापक छानबीन होगी। किंतु पिछले कुछ समय से केरल में भारत विरोधी हिंसक मजहबी कट्टरपंथ की चिंताजनक गतिविधियां सामने आई हैं। इस्त्राइल और हमास युद्ध के बाद वैसे तो देश का वातावरण ही काफी तनावपूर्ण बनाया जा चुका है, मगर केरल में लगभग प्रतिदिन कहीं-न-कहीं कोई छोटी बड़ी रैली या धरना प्रदर्शन हो रहे हैं। इस विस्फोट के एक ही दिन पूर्व केरल की एक रैली को हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मशाल ने संबोधित किया था, जिसमें उसने कहा था कि बुलडोजर, हिंदुत्व और यहूदीवाद को उखाड़ फेंकना है। तात्कालिक विस्फोट से सीधे इसका संबंध हो या नहीं हो किंतु स्थिति कितनी खतरनाक है कि विदेश में बैठे हिंसक संगठन का पूर्व प्रमुख वर्चुअल भारत की रैली को संबोधित करते हुए हिंसक विद्रोह के लिए उत्तेजित करता है और लोग तालियां बजाते हैं। भाजपा को छोड़कर किसी राजनीतिक पार्टी ने इसका विरोध नहीं किया। केरल में फिलिस्तीन के नाम पर हो रही रैलियों और प्रदर्शनों में सत्तारूढ़ वाम मोर्चा के साथ कांग्रेस नेतृत्व वाले विपक्षी मोर्चा के नेता भी शामिल हो रहे हैं। हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मशाल के रैली में शामिल होने के बाद भ्रम दूर हो जाना चाहिए। इसके बाद यह कहना ज्यादा आसान हो गया है कि इस्त्राइल विरोध के नाम पर हमास का समर्थन किया जा रहा है। पार्टीयां, संगठन अपने बयानों और गतिविधियों से पूरे देश का माहौल तनावपूर्ण बना रहे हैं। पूर्णिया में सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ तो महाराष्ट्र में मुंबई से लेकर कई स्थानों पर प्रदर्शनों में उत्तेजक नारे और भाषण हो रहे हैं। केरल संवेदनशील राज्यों में शीर्ष पर है, इसलिए उसे कई अन्य राज्यों के साथ विशेष रूप से आगाह किए जाने की सूचना थी। एक साथ 2000 लोग 3 दिनों के लिए इकट्ठे हों, उस संगठन का ईसाइयों के बीच ही विरोध हो, प्रदेश का वातावरण लगातार रैलियों, विरोध प्रदर्शनों से तनावपूर्ण बना हो, पहले से वहां आतंकवाद के स्लीपर सेल पकड़े गए हों वहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था न किया जाना बहुत कुछ कहता है। केरल में ईसाई मतों के बीच आपसी विरोध और तनाव के समाचार स्थानीय अखबार में आते रहते हैं। यही नहीं यहोवा के लोग यरुशलम भी काफी जाते रहते हैं। तो इस दृष्टिकोण से भी थोड़ी ज्यादा सुरक्षा की आवश्यकता थी। हमने अनेक आतंकवादी हमले झेले हैं। फिलिस्तीन हमास युद्ध के बाद की संवेदनशीलता को देखते हुए पार्टीयों, नेताओं और संगठनों को अत्यंत ही सोच समझकर संयमित बयान देने की आवश्यकता थी। एर्नाकुलम विस्फोट हम सबके लिए एक सबक बनकर आया है। आप सरकार का विरोध करिए लेकिन ऐसे मामले पर कुछ भी बोलते समय ध्यान रखिए कि इसके दुष्परिणाम घातक हो सकते हैं।

## छापों से कांग्रेस को फायदा

वैसे विपक्ष को केंद्रीय एजेंसियों से फायदा भी होता है। यह कर्नाटक विधानसभा चुनावों से बखूबी साबित हुआ है। वहां कांग्रेस के डीके शिवकुमार हीरो बन कर उभरे। सो, चुनाव से ठीक पहले की ऐसी कार्रवाई से विपक्ष के प्रति सहानुभूति भी बन सकती है। आमतौर पर कमजोर के प्रति लोगों की हमदर्दी बनती है। अगर लोगों को लगता है कि केंद्र सरकार अपनी ताकत का इस्तेमाल करके विपक्षी नेताओं को परेशान कर रही है तो उनकी हमदर्दी विपक्ष के साथ हो सकती है। इससे यह भी धारणा बनती है कि भाजपा राजनीतिक लड़ाई में कमजोर है तभी वह केंद्रीय एजेंसियों से विपक्ष के यहां छापे पड़वा रही है। सब जानते है कि राजनीतिक लड़ाई चुनाव के मैदान में लड़ी जाती है। पर चुनाव घोषणा के बाद भी यदि केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी नेताओं के यहां छापे मार रही हैं तो धारणा बनेगी कि भाजपा कमजोर है और कांग्रेस मजबूत है इसलिए उसको परेशान किया जा रहा है। यह धारणा भाजपा को बड़ा चुनावी नुकसान कर सकती है।

यदि राजस्थान के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के यहां पड़े ईडी के छापे की बात करें तो इससे जातीय राजनीति का हिसाब भी प्रभावित हो सकता है। डोटासरा जाट समुदाय से आते हैं। कांग्रेस ने उनको जाट वोट आकर्षित करने के लिए ही प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। ध्यान रहे जाट मतदाताओं की किसान आंदोलन के समय से भाजपा से नाराजगी है। हालांकि उत्तर प्रदेश में भाजपा को उसका कुछ वोट मिल गया लेकिन चुनाव से पहले जाट प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई का उनके इलाके खासकर जाट बहुल सीकर इलाके में अच्छा मैसेज नहीं गया होगा। भाजपा वैसे भी जाट वोट को लेकर बहुत भरोसे में नहीं है। उसके सहयोगी रहे जाट नेता हनुमान बेनिवाल अलग लड़ रहे हैं और जाट वोट के लिए नागौर में भाजपा ने कांग्रेस की ज्योति मिर्धा को पार्टी में लाकर दिया है। तभी चुनाव से पहले एक बड़े जाट नेता के खिलाफ कार्रवाई भाजपा को नुकसान कर सकती है। दूसरी ओर कांग्रेस ने इसका इस्तेमाल एकजुटता बनाने के लिए किया। ईडी की कार्रवाई के बाद सचिन पायलट ने प्रेस कांफ्रेंस करके डोटासरा और वैभव गहलोत का बचाव किया।

# चंदे का स्रोत नागरिकों को जरूर बताया जाए

//अजीत द्विवेदी//

**यह कमाल की बात है, जो सरकार भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की लहर पर चुनाव जीती और जिसने सार्वजनिक जीवन में सम्पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने का वादा किया वह सुप्रीम कोर्ट में कह रही है कि देश के नागरिकों को यह जानने का अधिकार नहीं है कि राजनीतिक दलों को कहां से चंदा मिलता है और कौन कितना चंदा देता है! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने को फकीर बताते हैं, उन्होंने 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' का नारा दिया और हर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच से बताते हैं कि भारत 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' है लेकिन उनके सबसे बड़े कानूनी अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि नागरिकों को राजनीतिक दलों के चंदे के बारे में जानने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है। सोचें, जब यही अधिकार नहीं है तो बाकी किसी अधिकार का क्या मतलब है। देश के नंबर एक कानूनी अधिकारी यानी अटॉर्नी जनरल को पता था कि जब वे कहेंगे कि नागरिकों को चंदे के बारे में जानने का मौलिक अधिकार नहीं है तो सूचना के अधिकार का मुद्दा उठेगा। तभी उन्होंने लगे हाथ यह भी कह दिया कि सूचना का अधिकार सीमित है। यानी राजनीतिक दलों के चंदों के मामले में सूचना का अधिकार लागू नहीं होता है।**

सोचें, यह कितनी हैरानी की बात है। राजनीतिक दलों का चंदा कौन सा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है, जो उसके बारे में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं मिल सकती है। जब देश के नागरिकों को यह अधिकार दिया गया है कि वे हर राजनीतिक दल के उम्मीदवारों के बारे में यह जान सकें कि उसके ऊपर कितने आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं, उसकी संपत्ति कितनी है, उसके ऊपर कितना कर्ज है, वह कितना पढ़ा-लिखा है तो राजनीतिक दलों के चंदे के बारे में जानने से उसे कैसे रोका जा सकता है। किस राजनीतिक दल के पास कितनी संपत्ति है, उसके खाते में कितना पैसा जमा है, किस साल उसे कितना चंदा मिला और किस चुनाव में उसने कितना खर्च किया यह सारी जानकारी दी जाती है फिर यह बताने में क्या दिक्कत है कि वह चंदा उसे किसने दिया।

यह भी हैरानी की बात है कि 2017 में राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था लागू करने का कानून बना तो कहा गया कि इससे राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता आएगी। लेकिन असल में जो थोड़ी बहुत पारदर्शिता पहले से थी उसे भी इस कानून के जरिए समाप्त कर दिया गया। असल में यह कानून इसलिए बनाया गया ताकि लोगों को पता नहीं चल सके कि सत्तारूढ़ दल को कौन कितना चंदा दे रहा है। यह हकीकत है कि सिर्फ सत्तारूढ़ दल के चंदे का ही पता नहीं चल पाता है। विपक्षी पार्टियों को किसने चंदा दिया यह सरकार को पता होता है तो जाहिर है कि सत्तारूढ़ दल को भी पता चल ही जाता होगा। ध्यान रहे चुनावी बॉन्ड की बिक्री सिर्फ एक सरकारी बैंक के जरिए होती है और कंपनियों के आयकर रिटर्न में भी इस बात की जानकारी होती है कि उन्होंने कितने का चुनावी बॉन्ड खरीदा और उसे किस पार्टी को दिया। इसलिए सरकार को यह पता होता है कि कौन कारोबारी या निजी व्यक्ति किसी विपक्षी पार्टी को कितना चंदा देता है।

सोचें, यह बहुदलीय लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए कितनी खतरनाक स्थिति है। जब सब कुछ खुला था तब की बात अलग थी। लेकिन जब सरकार ने कानून बना कर सुनिश्चित किया है कि सिर्फ उसे पता चले कि कौन व्यक्ति किस पार्टी को कितना चंदा दे रहा है तो फिर कोई कारोबारी या निजी व्यक्ति क्यों किसी विपक्षी पार्टी को चंदा देगा। उसे इस बात का खतरा हमेशा रहेगा कि सरकार उसके प्रति पूर्वाग्रह पाल सकती है। तभी यह अनायास नहीं है कि चुनावी बॉन्ड के जरिए जो चंदा दिया जा रहा है उसका बड़ा हिस्सा सत्तारूढ़ दल यानी भाजपा के खाते में जा रहा है। बचा-खुचा जो चंदा विपक्षी पार्टियों को जाता है वह भी निश्चित रूप से सरकार की सहमति से जाता होगा ताकि लोकतंत्र का भ्रम बना रहे। चंदे की इस व्यवस्था में दो खतरे और हैं। पहला तो यह कि चुनावी बॉन्ड के कानून से यह सीमा हटा दी गई है कि कोई भी कंपनी अपने तीन साल के औसत शुद्ध लाभ के साढ़े सात फीसदी से ज्यादा राजनीतिक चंदा नहीं दे सकती है। इसका मतलब है कि कोई कंपनी सरकारी दल को खुश करने के लिए कितना भी चंदा दे सकती है। दूसरा खतरा यह है कि शेल यानी फर्जी कंपनियों के जरिए पार्टियों को भारी-भरकम चंदा दिया जा सकता है। इससे चुनावी प्रक्रिया और सरकार की शुचिता दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

असल में पहले दिन से चुनावी बॉन्ड का मामला संदिग्ध था और तभी सरकार ने इसे धन विधेयक के तौर पर पास करके कानून बनाया। ध्यान रहे 2017 में केंद्र की भाजपा सरकार के पास राज्यसभा में बहुमत नहीं था। अब तो वह बहुमत के काफी करीब पहुंच गई है लेकिन उस समय भाजपा और एनडीए दोनों बहुमत से बहुत दूर थे। तभी चुनावी बॉन्ड को धन विधेयक के तौर पर लोकसभा में पेश किया गया और वहां से पास करा कर इसे कानून बना दिया गया। इस मसले पर भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। राजनीतिक चंदे की पारदर्शिता खत्म करने की बात चली है तो यह बताना भी जरूरी है कि केंद्र की इसी सरकार ने विदेशी चंदे के मामले में पहले से चले आ रहे कानून को बदल कर यह सुनिश्चित किया कि किसी भी राजनीतिक दल को विदेश से मिलने वाले चंदे की जांच नहीं हो सकती है। इस तरह दिल्ली हाई कोर्ट के एक फैसले को केंद्र सरकार ने निरस्त कर दिया। अगर ऐसा नहीं होता तो भाजपा और कांग्रेस दोनों को 1976 से अब तक मिले विदेशी चंदे का हिसाब देना होता।

बहरहाल, देश की बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए और इसके बेहतर संचालन के लिए जरूरी है कि राजनीतिक दलों के बीच बराबरी का मैदान हो। भारत में और दुनिया के अनेक विकसित देशों में भी पार्टियों के बीच बराबरी का मैदान नहीं रहता है। हर जगह सत्तारूढ़ दल को विपक्ष के मुकाबले ज्यादा चंदा मिलता है। तभी भारत में और कई यूरोपीय देशों में भी चुनाव लड़ने के लिए सरकारी फंडिंग की मांग होती रहती है। लेकिन चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था ने तो भारत में विपक्षी पार्टियों के लिए सत्तारूढ़ दल का मुकाबला और मुश्किल बना दिया है। इसलिए जरूरी है कि यह व्यवस्था बदली जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि आम नागरिकों को यह पता चले कि किसी पार्टी को कौन कारोबारी कितना चंदा देता है। नागरिकों का यह जानना इसलिए जरूरी है ताकि वे स्वतंत्र रूप से आकलन कर सकें कि जिस कारोबारी ने सत्तारूढ़ दल को ज्यादा चंदा दिया उसको सरकार की ओर से कोई अतिरिक्त लाभ तो नहीं दिया जा रहा है। यह सार्वजनिक जीवन में शुचिता की बहाली, ईमानदारी और जनता के पैसे का सदुपयोग सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है। ध्यान रहे सरकार यह फैसला करती है कि जनता का पैसा कैसे और कहां खर्च होना है। इसलिए जनता को यह पता होना चाहिए कहीं ऐसा तो नहीं है कि उसका पैसा उस कारोबारी पर खर्च हो रहा है, जो सत्तारूढ़ दल को ज्यादा चंदा दे रहा है।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पैरा तीरंदाज शीतल देवी से बातचीत की।



भोपाल में करवा चौथ के अवसर पर हिंदू विवाहित महिलाएं अनुष्ठान करती हुई।



मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे नई दिल्ली में राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भाग लेने के लिए भाजपा मुख्यालय पहुंची।



चंडीगढ़ में करवा चौथ के अवसर पर हिंदू विवाहित महिलाएं अनुष्ठान करती हुई।



विद्याधर नगर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार दीया कुमारी ने जयपुर में आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र भरने के बाद विजय चिन्ह दिखाया।




गुवाहाटी में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने चल रहे इज़राइल-हमास युद्ध को लेकर इज़राइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पटना के राजभवन में पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश गुन्नू अनुपमा चक्रवर्ती को पद की शपथ दिलाई।

# दिवाली से पहले सीएम योगी का तोहफा, उज्जवला योजना के ढाई लाख लाभार्थियों को मिलेगा फ्री सिलेंडर




**आजमगढ़, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपावली पर उज्जवला योजना के रसोई गैस कनेक्शन धारकों को फ्री में सिलेंडर देने का निर्णय लिया है। इससे जिले के दो लाख, 46 हजार उपभोक्ता लाभांवित होंगे। इन उपभोक्ताओं के बैंक खाते में जल्द सिलेंडर लेने के लिए डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजी जाएगी। इन उपभोक्ताओं को प्रति सिलेंडर 266 रुपये सब्सिडी दी जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी सुनील कुमार पुष्कर ने बताया कि शासन के निर्देशों का अनुपालन कराया जाएगा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत अभी तक सरकार ने 9 करोड़ 60 लाख कनेक्शन दिए हैं। इस योजना के तहत लाभार्थियों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन के साथ ही सिलेंडर की पहली रीफिलिंग भी मुफ्त में की जाती है। इसके अलावा सरकार इस योजना के तहत गैस चूल्हा भी फ्री में देती है।योजना में अप्लाई करने के लिए सर्वप्रथम आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। इसके बाद आपके स्क्रीन पर एक डाउनलोड फॉर्म का विकल्प दिखाई देगा जिसे आपको डाउनलोड करना होगा।

डाउनलोड करने के बाद आपको फॉर्म में पूछी गई सभी जरूरी डिटेल भरनी होगी। इसके बाद आपको इस फॉर्म को अपने दस्तावेजों के साथ एलपीजी सेंटर पर जाकर जमा करवाना होगा।

## जब कांप गई भारतीय पत्रकारों की रूह... इजरायल ने दिल्ली में की हमास के हमलों की स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली।** इजरायली दूतावास ने नई दिल्ली में भारतीय पत्रकारों के लिए एक टेलीविजन स्क्रीनिंग आयोजित की। इसमें भारतीय पत्रकारों को सात अक्टूबर के भयावह और रोंगटे खड़े कर देने वाले वीडियो दिखाए गए।इस दिन दो हजार से अधिक आतंकवादियों ने गाजा पट्टी से इजरायल में प्रवेश किया था और इसे यहूदी राष्ट्र के विरुद्ध सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है। वीडियो में बॉडी कैम फुटेज दिखाया गया। इसके अलावा सीसीटीवी, डैशबोर्ड कैमरों, हमास के बंदूकधारियों और पीड़ितों दोनों के मोबाइल फोन से लिए गए फुटेज भी दिखाए गए।एक फुटेज में एक आतंकवादी को कथित तौर पर यह कहते हुए देखा जा सकता है।

# कोई रिश्तेदार तो नहीं लड़ रहा चुनाव, आयोग ने पारदर्शिता के लिए बनाई ये रणनीति




**विदिशा, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

चुनाव आयोग इस बार चुनाव की पारदर्शिता एवं पवित्रता को लेकर काफी गंभीर है। इसी का परिणाम है कि पहली बार चुनाव में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को यह बताना होगा कि उनका कोई रिश्तेदार तो चुनाव नहीं लड़ रहा। इसके अलावा उन्हें आपराधिक प्रकरणों की भी जानकारी देना होगी।चुनाव आयोग के नए निर्देशों के अनुसार चुनाव ड्यूटी में लगाए गए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को एक निर्धारित प्रपत्र के जरिए घोषणा पत्र देना होगा, जिसमें नाम, पदस्थापना, पदस्थापना की दिनांक तथा इस आशय का प्रमाण-पत्र कि मैं वर्तमान चुनाव में किसी प्रत्याशी, राज्य अथवा जिला स्तर के बड़े नेता का नजदीकी रिश्तेदार नहीं हूं।

इसके अलावा इसी प्रपत्र में यह भी बताना होगा कि उनके विरुद्ध कोई भी आपराधिक प्रकरण किसी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है। यदि किसी के खिलाफ प्रकरण है तो उसे प्रकरण की पूरी जानकारी देना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बताया कि चुनाव में लगे अमले से दो दिन के भीतर यह प्रपत्र जमा कराने को कहा गया है। सभी प्रपत्र एकत्रित कर चुनाव आयोग को भेजे जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि यदि कोई कर्मचारी किसी प्रमुख दल के प्रत्याशी का रिश्तेदार पाया जाता है तो उसे चुनाव आयोग मतदान प्रक्रिया से अलग कर सकता है।

# दादी-पोती का हत्यारा निकला उन्हीं का खून, सिरफिरे युवक ने धारदार हथियार से उतार था मौत के घाट



**बिश्नाह, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

तहसील के मोर्चापुर गांव में मंगलवार शाम एक सिरफिरे ने अपनी दो माह की बच्ची और अपनी मां की तेजधार हथियार से हत्या कर दी थी। बुधवार को एक साथ दादी व पोती का अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार शाम बिश्नाह के मोर्चापुर गांव में जगदेव सिंह उर्फ माइकल ने अपनी दो महीने की बच्ची पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया।जगदेव की मां कमला देवी (65) ने जब अपनी पोती को बचाने का प्रयास किया तो उसने उनकी भी हत्या कर दी। यह सूचना मिलते ही बिश्नाह के थाना प्रभारी विक्रम शर्मा, एसपी हेडक्कार्टर रमनीष गुप्ता, एसडीपीओ आरएसपुरा निखिल गोगना पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचे खून से लथपथ दादी व पोती के शव को कब्जे में ले लिया। एफएसएल टीम से जांच करवाने के बाद दोनों शवों का बिश्नाह उपजिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया, ताकि वे उनका अंतिम संस्कार कर सकें। ग्रामीणों के अनुसार जगदेव सिंह नशे का आदी है। मादक पदार्थ पाने के लिए वह देह व्यापार के धंधे में शामिल महिलाओं के लिए ग्राहक भी तलाशता था। इसी वजह से इसकी दोनों पत्नियां उसे छोड़कर चली गई थी। बिश्नाह के थाना प्रभारी विक्रम शर्मा ने बताया कि आरोपित को बीती देर रात को ही गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को आरोपित की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार को मोर्चापुर गांव से कुछ दूरी पर बरामद कर लिया गया।

## भारतीय नौसेना ने दिखाया दम, बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने बुधवार को अपने युद्धपोत से ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परिक्षण किया। परिक्षण के बाद नौसेना ने कहा उसने बंगाल की खाड़ी में अपने युद्धपोत से ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इसमें कहा गया है कि मिसाइल ने मिशन के सभी उद्देश्य हासिल किए। एक्स पर एक पोस्ट में नौसेना ने टेस्ट फायरिंग की एक तस्वीर भी साझा की। इसने लिखा, पूर्वी बेड़े के एक नौसेना विध्वंसक ने बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया। मिसाइल ने अपने सभी मिशन उद्देश्यों को हासिल किया।

# विराम का यह सही समय नहीं, अमेरिका का दावा- युद्ध के बाद गाजा में शासन नहीं सकता हमास



**वॉशिंगटन, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

इजरायल हमास युद्ध का आज 27वां दिन है। गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष के बीच इजरायली सेना ने दावा किया कि सात अक्टूबर को लगभग 3,000 हमास के आतंकवादियों ने गाजा सीमा से जानलेवा हिंसा को अंजाम देने के लिए दक्षिणी इजरायल पर हमला किया। एक तरफ जहां अमेरिका, इजरायल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। वहीं, ईरान जैसा देश हमास के साथ खड़ा है। बुधवार को व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका को विश्वास नहीं है कि इजरायल के साथ युद्ध समाप्त होने पर ईरान समर्थक फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास गाजा पट्टी पर भविष्य में शासन कर सकता है।उन्होंने कहा कि अमेरिका को यह नहीं लगता कि यह युद्ध विराम का समय है। लेकिन, मानवीय सुरक्षा के लिए युद्ध पर लगाम लगाना भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि गाजा में हमास का नियंत्रण समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि हमास गाजा में शासन नहीं कर सकते। इस युद्ध के बाद गाजा में क्या होगा इसका जवाब अभी हमारे पास नहीं है। हालांकि, हम इस युद्ध क्षेत्र में अपने सहयोगियों के संपर्क में हैं।

## जब ट्रेन में अपने पुराने प्यार से मिले मिथुन चक्रवर्ती

**मुबंई 02 नवंबर।** दिल टूटना किसी भी इंसान के लिए बड़ी घटना होती है, कुछ लोग उसके बाद बिखर जाते हैं, तो कुछ उससे सीख लेकर अपनी जिंदगी को नए मुकाम पर पहुंचाते हैं। हिंदी सिनेमा के डिस्को डांसर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के जीवन में भी दिल टूटने की घटना बेहद महत्वपूर्ण रही, जिसके बारे में उन्होंने सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा के सेट बताया, जहां वह आगामी एपिसोड की शूटिंग के दौरान बतौर मेहमान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागी रिंक बासू के दिल टूटने की घटना का जिक्र करते हुए अपने दिल टूटने और उसके बाद सुपरस्टार बनने के सफर के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'प्यार करना और किसी से प्यार पाना बहुत खूबसूरत चीज है, लेकिन आंख बंद करके नहीं। मैं किसी के साथ बहुत गहरे प्यार में था, लेकिन वह मुझे छोड़कर चली गई। उस पल से मेरी जिंदगी में बहुत महत्वपूर्ण बदलाव हुआ। मैं एक आम स्टार से सुपरस्टार बन गया और अब लोग मुझे लिविंग लीजेंड कहते हैं। संयोग के एक दिन मैं उस लड़की से ट्रेन में मिला, जब उसने मुझे देखा तो वह छुप रही थी।

## राशन कार्ड केवाईसी करवाने की डेडलाइन बढ़ी

**शिमला, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के राशन कार्ड की ई-केवाईसी करवाने की तिथि 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। पहले यह 31 अक्तूबर तक निर्धारित की गई थी।उन्होंने कहा कि कुछ उपभोक्ता अपना व अपने परिवार के सदस्यों का ई-केवाईसी करवाने से वंचित रह गए थे। विभाग द्वारा ऐसे लोगों की सुविधा के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि बढ़ाई गई है।विभाग द्वारा राशन वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए ई-केवाईसी के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि राशन कार्ड में दर्ज व्यक्ति का नाम, जन्मतिथि तथा लिंग, आधार में दर्ज डाटा के अनुरूप हो, इसके दृष्टिगत प्रदेश भर में ई-केवाईसी की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे ई-केवाईसी की प्रक्रिया को सयमबद्ध पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करें।

## परमाणु नियंत्रण वार्ता आयोजित करने पर चीन और अमेरिका ने जताई रजामंदी, इस महीने जो बाइडन और शी जिनपिंग की होगी मुलाकात

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के साथ परमाणु नियंत्रण वार्ता आयोजित करने पर चीन ने सहमति जता दी है। अगले हफ्ते यह वार्ता होगी। इस वार्ता का उद्देश्य अमेरिका, चीन और रूस के बीच खतरनाक तीन-तरफा हथियारों की दौड़ को रोकना है। हालांकि, इस वार्ता के जरिए परमाणु हथियारों को सीमित करने पर सहमति बनेगी या नहीं इस बात पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। नवंबर महीने में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सैन फ्रांसिस्को में मुलाकात हो सकती है।इस साल इसी साल फरवरी महीने में चीनी जासूसी गुब्बारे को अमेरिकी सेना ने अपने हवाई इलाके में घुसते समय गिरा दिया था। इस घटना के बाद दोनों देशों के रिश्तों में काफी खटास पैदा हो गई थी।

# अटल ब्रिज पहुंचे सीएम धामी... अब उत्तराखंड की नदियों को नई पहचान देने की जुगत में मुख्यमंत्री

**देहरादून, 02 नवंबर [एजेंसी]।**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट के पश्चिम और पूर्वी हिस्से को जोड़ने वाले अटल फुट ओवर ब्रिज का भ्रमण किया। उन्होंने इसे आधुनिक तकनीक का बेजोड़ नमूना बताते हुए कहा कि यह पुल अपनी सुंदर संरचना से पर्यटकों को आकर्षित करता है। इसमें आवागमन की भी बेहतर व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में साबरमती नदी पर निर्मित अटल ब्रिज बेहतरीन इंजीनियरिंग और सैंकड़ों श्रमिकों के अथक परिश्रम का प्रतीक है। यह गुजरात के विकास माडल की शानदार मिसाल है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में भी विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों का विकास तेजी से किया जा रहा है। भविष्य में राज्य में भी विभिन्न नदियों पर रिवर फ्रंट को विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अटल ब्रिज के प्रोजेक्ट हेड सुशांत से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने सचिव विनय शंकर पांडे को उत्तराखंड में भी अटल ब्रिज की तर्ज पर ब्रिज बनाए जाने की संभावनाएं तलाशे जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अटल ब्रिज देखने आए पर्यटकों से भी मुलाकात की।

# सीएम आवास में मानदंडों के उल्लंघन पर रिपोर्ट दाखिल नहीं होने से एनजीटी नाखुश, चार हफ्ते का दिया अल्टीमेटम

**नईदिल्ली, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर कुछ संरचनाओं के निर्माण में पर्यावरण मानदंडों के उल्लंघन के मामले में संयुक्त समिति द्वारा रिपोर्ट नहीं पेश करने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने निराशा व्यक्त की है।एनजीटी चेयरमैन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने संयुक्त समिति को रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। साथ ही चेतावनी दी कि ऐसा करने में विफलता न सिर्फ जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि मुख्य सचिव को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होना होगा। मामले में अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी। एनजीटी ने इसके साथ ही उप वन संरक्षक (मध्य दिल्ली) द्वारा दायर एक रिपोर्ट पर गौर किया।




रिपोर्ट में बताया गया कि सीबीआई ने मामले में प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। यह भी नोट किया गया कि पीडब्ल्यूडी ने अनुमति और क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। एनजीटी ने सुनवाई के दौरान कहा कि मई में ट्रिब्यूनल के निर्देश के बाद मामले को दो बार स्थगित किया गया है लेकिन रिपोर्ट अभी भी प्रतीक्षित है। मई माह में हुई पिछली सुनवाई पर एनजीटी ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव (पर्यावरण एवं वन), दिल्ली शहरी कला आयोग (डीयूएसी) के एक नामित सदस्य और उत्तरी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट की एक संयुक्त समिति का गठन कर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

एनजीटी ने यह आदेश आवेदनकर्ता नरेश चौधरी के आवेदन में दिया। जिसमें आरोप लगाया गया था कि फ्लैग स्टाफ रोड सीएम आवास पर किए गए निर्माण कार्य में पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन किया गया। आवास में हुए निर्माण में अनियमितताओं के मामले की जांच के लिए सितंबर माह में सीबीआई ने प्रारंभिक जांच दर्ज की थी।आवेदन में कहा गया कि डीयूएसी की मंजूरी के बिना निर्माण अवैध रूप से किया गया था। दिल्ली शहरी कला आयोग अधिनियम की धारा 12 कहती है कि संबंधित नगर निगम डीयूएसी से अनुमति प्राप्त किए बिना विकास प्रस्तावों को मंजूरी नहीं दे सकता है।

# कांग्रेस ने तेलंगाना में BJP की गाड़ी के चारों टायर किए पंचर, राहुल गांधी ने भाजपा पर कसा तंज

**हैदराबाद, 02 नवंबर [एजेंसी]।**



तेलंगाना में पिछड़ी जाति के किसी नेता को मुख्यमंत्री बनाने के वादे के मुद्दे पर भाजपा पर तंज कसते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूछा है कि भाजपा ऐसा कैसे कर सकती हैं, जबकि उसे बहुत ही कम वोट मिलने वाले हैं। राज्य के कलवाकुर्थी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा के नेता राज्य में अपनी संभावनाओं के बारे में डींगे मारते थे। लेकिन, कांग्रेस ने तेलंगाना में भाजपा की गाड़ी के चारों टायर को पंचर कर दिया है।

उन्होंने कहा कि आपको यहां दो प्रतिशत वोट मिलेंगे, तो आप मुख्यमंत्री कैसे बना सकते हैं।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक चुनावी रैली में तेलंगाना में भाजपा के सत्ता में आने पर पिछड़े वर्ग के नेता को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की थी। राहुल ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका जाएंगे और कहेंगे कि वह अमेरिका में एक ओबीसी को राष्ट्रपति बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि आप न तो अमेरिका में राष्ट्रपति बना पाएंगे और न ही तेलंगाना में मुख्यमंत्री बना पाएंगे।उन्होंने भाजपा और तेलंगाना की सत्तारूढ़ पार्टी बीआरएस के बीच मौन सहमति के अपने आरोप को दोहराया। कहा कि सभी विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआइ के मामले हैं। उनके खिलाफ 24 मामले हैं। कहा कि उनकी लोकसभा सदस्यता रद कर दी गई थी। उन्हें दिया गया सरकारी आवास भी वापस ले लिया गया। पूरा भारत और पूरा तेलंगाना उनका घर है।

## अफीम बेचने आए दो तस्कर गिरफ्तार, 1.7 किलो अफीम बरामद, पुलिस को गुमराह करने को बच्चों का इस्तेमाल

**हजारीबाग, 02 नवंबर [एजेंसी]।**

उतरी छोटानागपुर प्रमंडलीय मुख्यालय तस्करी का केंद्र बन गया है। हर चौथे दिन हजारीबाग में अफीम की खेप पकड़ी जा रही है। ऐसे ही दो तस्करों को कोर्रा थाने की पुलिस ने 1.7 किलो अफीम के साथ मंगलवार को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अफीम तस्कर खूंटी जिले के बाड़ी बाना गांव के रहने वाले हैं।

इनमें लोरह मुंडा और मगन सिंह मुंडा शामिल हैं। इनकी गिरफ्तारी जबरा तालाब इंटर साइंस कालेज के समीप हुई।बरही के कुछ अफीम तस्करों के बुलावे पर ये तस्कर अफीम लेकर आए थे। एसडीपीओ सदर महेश प्रजापति ने बताया कि सूचना के आलोक में एसपी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया था। छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जबरा तालाब इंटर साइंस कालेज के समीप से दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया। तलाशी के क्रम में एक हरे रंग के प्लास्टिक में करीब 1.7 किलोग्राम अफीम बरामद हुआ। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपित अफीम की खेती करते हैं। हजारीबाग में अफीम को ऊंचे दाम मिलते हैं। अफीम तस्कर पुलिस को गुमराह करने के लिए तरह तरह के उपाय करते हैं। मंगलवार को गिरफ्तार तस्कर पुलिस को गुमराह करने के लिए अपने दो साल की बच्ची को लेकर आए थे।

## आप नेता अमित ढल्ल के खिलाफ ठगी का केस, आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश रचने का मामला

**जालंधर।** आम आदमी पार्टी के जालंधर उत्तरी क्षेत्र के प्रभारी दिनेश ढल्ल के भाई आप नेता अमित ढल्ल के खिलाफ उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के थाना बिहानी गेट में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। 16 अप्रैल 2023 को दर्ज हुए इस मामले में अमित ढल्ल पर सिगरेट बेचने के नाम पर लाखों की ठगी करने का आरोप लगा है। इस मामले में दो दिन से उत्तर प्रदेश पुलिस जालंधर में डेरा जमाए हुए है। हालांकि, अभी तक किसी की गिरफ्तारी की बात सामने नहीं आई है। अमित ढल्ल के रिश्तेदारों का कहना है कि अमित का कंपनी से करार दो साल पहले ही खत्म हो चुका था। उनका नाम बेवजह घसीटा गया है। जानकारी के मुताबिक वहां की कंपनी की शिकायत पर अमित ढल्ल सहित आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश रचने का मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले में अमित और बाकी साथियों की गिरफ्तारी के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस जालंधर आई है।

### इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके, रिक्टर पैमाने पर 6.4 रही तीव्रता

**तिमोर।** इंडोनेशिया के तिमोर में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप की तीव्रता 6.4 मापी गई। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक भूकंप का केंद्र सतह से करीब 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। भूकंप के केंद्र के पास के इलाकों में मध्यम झटके महसूस किए गए।

# सैकड़ों विदेशी पासपोर्ट धारकों को मिली गाजा छोड़ने की इजाजत, राफा क्रॉसिंग के जरिये मिस्र में प्रवेश कर रहे लोग

**गाजापट्टी, 02 नवंबर [एजेंसी]।**



गाजा हमास युद्ध का आज 27वां दिन है। इस युद्ध की वजह से गाजा में अब तक 8,525 लोगों की मौत हुई है। मौत के इन आंकड़ों में तकरीबन तीन हजार से ज्यादा बच्चे शामिल हैं। गाजा में मौजूद हमास के आतंकियों ने कई इजरायली नागरिकों के बंधन बना रखा है।इसी बीच सैकड़ों डबल पासपोर्ट धारकों और दर्जनों गंभीर रूप से घायल फलस्तीनियों को गाजा छोड़ने की इजाजत दी गई है। दर्जनों विदेशी पासपोर्ट धारक बुधवार को राफा क्रॉसिंग के जरिये गाजा से मिस्र में प्रवेश करते नजर आए। फलस्तीनी सीमा अधिकारियों के मुताबिक, 400 से ज्यादा विदेशी पासपोर्ट धारकों को बुधवार को गाजा छोड़ने की इजाजत दी जाएगी। युद्ध के बीच गाजा से बाहर निकलने वाले यह पहला ग्रुप है। गाजा में इजरायली सैनिकों द्वारा किए जा रहे लगातार बमबारी की वजह से हजारों फलस्तीनी नागरिक बेघर हो चुके हैं।

हालांकि, इस बात की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है कि भविष्य में और कितने लोगों को गाजा से बाहर निकलने के अनुमति दी जाएगी। इजरायली सेना ने दावा किया कि सात अक्टूबर को लगभग 3,000 आतंकवादियों ने गाजा सीमा से जानलेवा हिंसा को अंजाम देने के लिए दक्षिणी इजरायल पर हमला किया। इम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, इससे पहले इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने अनुमान लगाया था कि लगभग 2,500 आतंकवादी दक्षिणी इजरायल पर हमला बोला था। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि नवीनतम आकलन के अनुसार, आंकड़ों में केवल सशस्त्र आतंकी शामिल हैं।

इसमें गाजा के आम नागरिकों को नहीं जोड़ा गया है, जिन्होंने बाड़ में भारी अंतराल का फायदा उठाकर इजरायल में अंदर घुस गए थे।नेसेट की श्रम और कल्याण समिति को प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, सात अक्टूबर के हमास आतंकवादी हमले में 59 परिवारों के 116 बच्चे अनाथ हो गए हैं। इजरायल ने अपनी स्थापना के बाद से ऐसी स्थिति का सामना नहीं किया था। दक्षिणी इजरायली समुदायों पर हमास के अचानक हमले में कम से कम 1,400 लोग मारे गए हैं। 800 से अधिक शवों की पहचान की जा चुकी है। गाजा में बंधक बनाए गए पुष्ट बंधकों की संख्या 240 है। अन्य व्यक्तियों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। कल्याण मंत्रालय में अनाथ मुद्दे के प्रभारी रेकफेट एट्जमोन ने समिति को बताया कि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 12 अलग-अलग परिवारों के 18 वर्ष से कम उम्र के 20 बच्चों के माता-पिता दोनों को मार दिया गया है।

# रोजाना खाली पेट एक सेब खाना शुरू कर दें, फायदे देख नहीं कर पाएंगे विश्वास



**सेब को लेकर यह बहुत पुरानी कहावत है और सच भी है. हमारे घर के बड़े- बुजुर्ग हमेशा कहते हैं कि हर रोज एक सेब खाएं. इससे आपकी हेल्थ संबंधी दिक्कत खत्म हो जाएगी. यह फल पोषक तत्व से भरपूर है. पाचन से लेकर स्किन, बाल तक के लिए यह काफी ज्यादा फायदेमंद है. आजकल तो डाइटिशियन हेल्थ एक्सपर्ट तो आपको खाली पेट कई सारी चीजें खाने की सलाह देते हैं. रोजाना खाली पेट एक सेब खाएं यह काफी पुरानी सलाह है. जिसे हमेशा घर के बड़े-बजुर्ग कहते आए हैं.**

### सेब खाने के क्या फायदे हैं

पेट के लिए बहुत ही अच्छा है सेब

सेब फाइबर का एक बहुत अच्छा सोर्स है. साथ ही यह जल्दी डायजेस्ट हो जाता है. सेब आपको कब्ज की बीमारी से छुटकारा दिलाता है और पाचन को दुरुस्त करता है.

### हार्ट हेल्थ के लिए अच्छा है सेब

हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए सेब बहुत अच्छा होता है. यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को काफी हद तक कंट्रोल करता है. इसका मतलब है कि यह किसी भी हार्ट की बीमारी के जोखिम को कम कर सकता है.

**सेब फ्री रेडिकल्स को दूर करता है**

पोषक तत्व से भरपूर सेब क्वेरसेटिन और विटामिन सी से भरपूर होते हैं. जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से लड़ने में काफी ज्यादा मदद करते हैं. शरीर के पुरानी बीमारियों को ठीक भी करते हैं.

### वजन को कंट्रोल में रखता है

सेब में काफी ज्यादा हाई फाइबर होता है जिसे खाने के बाद पेट भरा-भरा लगता है. साथ ही वजन कंट्रोल में रहता है.

**हड्डियों के लिए फायदेमंद**

सेब में विटामिन डी भी होता है जो हड्डियों के लिए काफी अच्छा होता है. इसे खाने के बाद हड्डी मजबूत होती है.

**डायबिटीज में मददगार**

सेब खाने से डायबिटीज कंट्रोल में रहता है. इसमें फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं. डायबिटीज के मरीजों के लिए सेब काफी ज्यादा अच्छा होता है.

**स्किन और बाल के लिए अच्छा होता है सेब**

सेब में पाए जाने वाले विटामिन सी हेल्दी कोलेजन को शरीर में बढ़ावा देता है. इससे स्किन की इलास्टिसिटी और ऑलओवर हेल्थ के लिए काफी ज्यादा अच्छा होता है.



## टाइगर 3 में सलमान को पूरी टक्कर देंगी कैटरीना

कैटरीना कैफ इन दिनों फिल्म टाइगर 3 को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म के ट्रेलर में सलमान खान की तरह कैटरीना भी खूब मार-धाड़ करती दिखी हैं।अब हाल ही में उन्होंने फिल्म में अपने किरदार पर बात की और बताया कि यह उनके लिए कितनी चुनौतीपूर्ण रहा। इसी के साथ कैटरीना ने फिल्म में अपनी जोया की भूमिका को अपने करियर की सबसे शानदार भूमिका बताया।आइए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा।

कैटरीन बोलीं, टाइगर 3 दिखाएगी कि जब अपने परिवार या देश या मानवता को बचाने की बात आती है तो ऐसा कुछ नहीं है, जो एक महिला नहीं कर सकती। जोया बताती है कि लड़कियां पालन-पोषण करने के साथ-साथ खतरनाक रक्षक भी हो सकती हैं।उन्होंने कहा, जोया अपने धैर्य और साहस से किसी की भी बराबरी कर सकती है। वह लड़ाई से पीछे नहीं हटती और एक्शन के मामले में भी पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर चलती है। कैटरीना ने कहा, जोया मेरे करियर की सबसे पसंदीदा भूमिकाओं में से एक है। अपने किरदार की एक और चीज जो मुझे लुभाती है, वो ये है कि उसका एक्शन करने का तरीका या कहें स्टाइल भी बड़ा अनोखा है। वह बेहद जटिल से जटिल एक्शन दृश्यों को भी बड़ी आसानी से कर सकती है, जैसा कि आप ट्रेलर में देख सकते हैं।कैटरीना के मुताबिक, जोया का मुकाबला दुश्मनों की फौज से है, जिससे वह अकेले ही निपटती है। कैटरीना बोलीं, हम चाहते थे कि जोया में अधिक ताकत हो। मुझे सचमुच कड़ी मेहनत से गुजरना पड़ा। यह यकीनन मेरे करियर का सबसे कठिन प्रशिक्षण था। जोया का एक्शन देख आपको अहसास होगा कि ऐसे दृश्यों को पहले कभी किसी महिला ने नहीं किया।उन्होंने कहा, दुनिया की कुछ बेहतरीन एक्शन टीमों द्वारा बनाए गए इन दृश्यों को मैं दर्शकों को बड़े पर्दे पर दिखाने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैंने इनके लिए 2 महीने तक तैयारी की है। टाइगर फ्रेंचाइजी में जोया एक ऐसा किरदार है, जो किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं है। वह एक खतरनाक और बुद्धिमान जासूस है, जो एक्शन के मामले में किसी से पीछे नहीं है।इस बार निर्माताओं ने इस किरदार का कद और बढ़ो दिया है।टाइगर 3 इस दिवाली यानी 12 नवंबर को रविवार के दिन रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान मनीष शर्मा ने संभाली है, वहीं आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं।

## सलमान ने दिखाई अपनी भांजी अलीजेह की पहली फिल्म फर्रे की पहली झलक

अभिनेता सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री मौजूदा वक्त में अपनी पहली फिल्म फर्रे को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इसका निर्माण सलमान अपने प्रोडक्शन हाउस सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले कर रहे हैं।अब उन्होंने फर्रे का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें अलीजेह समेत सभी कलाकारों की झलक देखने को मिल रही है।इसके साथ सलमान ने खुलासा किया कि फर्रे का ट्रेलर 1 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। फर्रे में सौमेंद्र पाधी, साहिल मेहता, जेन शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, रोनित बोस रॉय, जूही बब्बर सोनी और नवीन येरनेनी जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।यह फिल्म 24 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।सलमान ने अपने आधिकारिक एक्स पर फर्रे का पहला पोस्टर साझा करते हुए लिखा, फिल्म फर्रे का ट्रेलर 1 नवंबर आएगा और नतीजे 24 नवंबर को आएंगे।फिल्म का टीजर सामने आ चुका है, जो रोमांच से भरपूर है।

## रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम 3 का पोस्टर लॉन्च रणवीर ने कहा- आला रे आला, सिम्बा आला

रोहित शेट्टी की आगामी फिल्म सिंघम 3 में बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह एक बार फिर संग्राम भालेराव व सिम्बा की भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। रणवीर की सिम्बा वाला सिंघम 3 का नया पोस्टर ऊर्जा से भरपूर है। इंस्पेक्टर संग्राम भालेराव या सिम्बा के रूप में रणवीर बिल्कुल आकर्षक, स्टाइलिश और पहले से अधिक मजबूत लग रहे हैं, पोस्टर गारंटी देता है कि वह मनोरंजन के विस्फोट के साथ आने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## डीपनेक आउटफिट पहन रकुल प्रीत सिंह ने इंटरनेट पर लगाई आग

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपना लेटेस्ट लुक फैंस के बीच शेयर कर इंटरनेट पर तबाही मचा दी है। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देख लोगों की नजरें हटना मुश्किल हो गया है। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पिंक कलर का गाउन पहना हुआ था। इन तस्वीरों में उनकी ग्लैमरस अदाएं फैंस के दिलों पर खंजर चलाने काम कर रही थीं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह अपनी एक्टिंग और लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर अक्सर लाइमलाइट लूट लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक अंदाज पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से फैंस का दिल मचल दिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। साथ ही उनके ग्लैमरस लुक को देखकर तारीफों के पुल बांध रहे हैं। रकुल प्रीत सिंह ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पिंक कलर का बेहद ही खूबसूरत गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बॉर्बी डॉल जैसी नजर आ रही हैं। बालों का हाई बन बनाकर और साथ ही न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। उनकी तस्वीरें जब भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट होती हैं तो फैंस लगातार लाइक्स और कॉमेंट्स करने लग जाते हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस इन दिनों अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' की शूटिंग में बीजी हैं।



## तेजी से वजन कम करने के लिए डाइटिंग करें या जिम जाएं, जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट

आजकल वजन कम करने का एक क्रेज जा देखने को मिल रहा है. हर कोई अपनी फिटनेस और लुक को लेकर फिक्रमंद नजर आ रहा है. चुस्त और दुरुस्त रहने के लिए लोग डाइट को बेहतर बना रहे हैं और जिम में भी पसीना बहा रहे हैं. सोशल मीडिया पर वेट लॉस को लेकर कई वीडियो बन रहे हैं, जिसे देखकर भी लोग इंस्पायर हो रहे हैं. लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि अगर फिट रहना है तो जिम या डाइट दोनों में से किस पर ज्यादा फोकस करना ज्यादा बेहतर है. क्योंकि ज्यादातर लोग इस बात को लेकर कंफ्यूज हैं कि डाइट मेंटेन करने के बाद जिम जाना जरूरी है भी या नहीं. आइए जानते हैं जिम या डाइट वेट कम करने में क्या है सबसे बेहतर...

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक अगर बीएमआई 25 से ज्यादा है तो ये बताता है कि आपका वजन बढ़ा हुआ है. हमारे देश में इसे 23.99 तय किया गया है. बीएमआई 24 से ज्यादा ओवरवेट कहलाता है और 30 से ज्यादा मोटापे वाली सिचुएशन बताता है. डॉक्टरों का मानना है कि वजन कम करने के लिए जितना जरूरी डाइट मेंटेन रखना है, उतना ही जरूरी फिजिकल एक्टिविटीज भी है. हालांकि, वे ये भी मानते हैं है कि ये तय कर पाना काफी कठिन है कि वजन कम करने के लिए जिम या डाइट में से ज्यादा बेहतर कौन है.



**वजन घटाने में डाइट की भूमिका**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, डाइट में कैलोरी इंटेक जैसी दूसरी चीजों का ध्यान रखकर वजन को बढ़ने से पहले ही कंट्रोल कर सकते हैं. ओवरवेट या मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं तो जिम जा सकते हैं लेकिन इस दौरान भी डाइट पर फोकस बनाए रखना हैं. जो भी खा रहे हैं, उसे पचाने के लिए इंडोर फिजिकल एक्टिविटी कर सकते हैं.

**मोटापा कम करने में जिम का रोल**

एक्स्ट्रा वजन है यानी मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं और वजन कम करना चाहते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए. सबसे पहले समझ लें कि मोटापा एक तरह की बीमारी है जो हाइपरटेंशन, डायबिटीज, जोड़ों में दर्द की समस्या शरीर को दे सकता है. मोटापा कम करने के लिए जिम जा सकते हैं. इसका असर जल्दी ही देखने को मिलता है. हालांकि, इसके लिए सही ट्रेनर चुनें और डाइट के लिए एक्सपर्ट की सलाह लें.

## तारा सुतारिया की अपूर्वा का पहला गाना दिवाली जारी, विशाल मिश्रा ने दी अपनी आवाज

बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म अपूर्वा को लेकर चर्चा में हैं।यह फिल्म इसलिए खास है क्योंकि इसके जरिए तारा ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं।जहां कुछ दिन पहले निर्माताओं ने अपूर्वा का ट्रेलर जारी किया था तो वहीं अब फिल्म का पहला गाना दिवाली सामने आ चुका है।इसमें तारा, धैर्य करवा के साथ इश्क फरमाती नजर आ रही हैं। दिवाली को विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है तो वहीं इस गाने के बोल विशाल ने कौशल किशोर के साथ मिलकर लिखे हैं।अपूर्वा का निर्देशन निखिल नागेश भट्ट ने किया है, जबकि मुराद खेतानी फिल्म के निर्माता हैं। इसमें राजपाल यादव और अभिषेक बनर्जी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।यह फिल्म 15 नवंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर आएगी।23 अक्टूबर को इस फिल्म की पहली झलक सामने आई थी, जिसे काफी पसंद किया गया था।



## विक्रांत की 12वीं फेल की कमाई की रफ्तार धीमी

कंगना रनौत की तेजस के साथ 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई विक्रांत मैसी की फिल्म 12वीं फेल बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।बेशक फिल्म की टिकट खिड़की पर शुरुआत ठंडी रही थी, लेकिन वीकेंड पर इसकी कमाई में जबरदस्त उछाल आया और फिल्म ने नोट छापे।अब 12वीं फेल की कमाई के चौथे दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जिसमें थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, 12वीं फेल ने अपनी रिलीज के चौथ दिन 1.20 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 7.84 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म ने 1.11 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।वीकेंड पर 12वीं फेल की कमाई में जबरदस्त उछाल आया और इसने शनिवार को 2.51 करोड़ रुपये कमाए तो वहीं रविवार को यह फिल्म 3.12 करोड़ रुपये समेटने में सफल रही। 12वीं फेल अनुराग पाठक के इसी नाम से आए लोकप्रिय उपन्यास पर आधारित है, जो आईपीएस अफसर मनोज कुमार शर्मा के संघर्षों की कहानी बयां करती है।

## शाहरुख खान के जन्मदिन पर रिलीज होगी का टीजर




मौजूदा वक्त में शाहरुख खान अपनी फिल्म जवान की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। इस फिल्म ने दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।इसी साल आई उनकी फिल्म पठान का भी ऐसा ही जादू चला था।राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित 22 दिसंबर को शाहरुख की एक और फिल्म डंकी रिलीज होनी है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।अब डंकी के टीजर से जुड़ी अहम जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, डंकी का टीजर शाहरुख के जन्मदिन पर यानी 2 नवंबर को रिलीज किया जाएगा।फिल्म के 2 टीजर जारी होंगे। दोनों को सेंसर बोर्ड द्वारा यू सर्टिफिकेट दिया गया है। डंकी का पहला टीजर 58 सेंकड लंबा होगा, जबकि फिल्म का दूसरा टीजर 1 मिनट 49 सेंकड का होने वाला है।डंकी के टीजर लॉन्च के लिए शाहरुख अपने प्रशंसकों के लिए एक खास कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे और अपने प्रशंसकों के साथ ही टीजर देखेंगे।

## चौथे दिन तेजस की कमाई में भारी गिरावट

सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म तेजस 27 अक्टूबर को रिलीज हुई थी।इसमें कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने वायुसेना अधिकारी तेजस गिल का किरदार निभाया है। हालांकि, वह अपनी अदाकारी के जरिए दर्शकों का दिल जीतने में नाकाम साबित होती नजर आ रही हैं।आलम यह है कि तेजस की कमाई रिलीज के चौथ दिन ही लाखों में सिमट गई है। टिकट न बिकने के कारण इसके कई शो रद्द भी हुए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, तेजस ने रिलीज के चौथ दिन महज 50 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 4.25 करोड़ रुपये हो गया है।

## शब्द सामर्थ्य -232

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वावलंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, वैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 231 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| पो | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | खि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# वन अधिकारियों को डरा-धमकाकर कई लाख रुपए मांगे, पुलिस ने कार्रवाई की बात कही

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के चंद पत्रकारों द्वारा इन दिनों जिले में कार्यरत अधिकारियों को ब्लेकमेलिंग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि पीड़ित अधिकारियों ने तथाकथित पत्रकारों के खिलाफ पुलिस मे शिकायत दर्ज करा दिए हैं, जिसकी जांच पुलिस ने प्रारंभ कर दी है। वहीं पीड़ित अधिकारियों ने झूंठी व मनगढ़ंत खबर प्रकाशित करने के मामले में ब्लेक मेलर पत्रकारों के खिलाफ मानहानि के लिए न्यायालय जाने की तैयारी कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार नवीन एमसीबी जिले के तीन-चार पत्रकारों का एक टीम है, जो तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर जिले मे कार्यरत अधिकारियों को ब्लेकमेलिंग करते हुए अनर्गल पैसों की मांग करते हैं। इन पत्रकारों के अनर्गल मांग की पूर्ति अधिकारियों द्वारा नहीं किए जाने पर झूंठी व मनगढ़ंत खबर प्रकाशित करके बदनाम करते हैं। ऐसा ही एक मामले में मनेन्द्रगढ़ वनमंडल अन्तर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी जनकपुर चरणकेश्वर सिंह एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंवारपुर शिव प्रसाद ध्रुव इन दिनों चिरमिरी के तथाकथित पत्रकारों से पीड़ित बताए जा रहे है। गत सप्ताह दोनो वन परिक्षेत्र अधिकारियों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त एक शिकायत पत्र पुलिस थाना जनकपुर मे देकर बताया कि एमसीबी जिले के चिरमिरी निवासी पत्रकार राहुल गौतम के द्वारा जनकपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी के निजी मोबाईल के व्हाटसअप में पीसीसीएफ कार्यालय रायपुर में स्वयं के उपस्थिति का फोटो शेयर किए और इसके बाद 02 अक्टूबर को वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंवारपुर शिवप्रसाद ध्रुव का अश्लील



फोटो भेजा। विभागीय व सहपाठी अधिकारी होने की वजह से वन परिक्षेत्र अधिकारी जनकपुर ने 03 अक्टूबर को वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंवारपुर से अश्लील फोटोग्राफ्स के संबंध में जानकारी देते हुए पुंछताछ किए तब खुलासा हुआ कि पत्रकार राहुल गौतम हम दोनो वन परिक्षेत्र अधिकारियों के विरूद्ध आपसी मतभेद पैदा कराकर ब्लेक मेलिंग कर रहा है। क्योंकि इससे पूर्व 25 सितम्बर 2023 को वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंवारपुर को पत्रकार राहुल गौतम के द्वारा यह बताया गया था कि वन परिक्षेत्र अधिकारी जनकपुर के द्वारा एक शिकायत पत्र बनाकर मुझे दिया गया है जिसे ले जाकर पी.सी.सी.एफ. कार्यालय रायपुर में जाकर देना है, इस कार्य के लिए मुझे 4.00 लाख (चार लाख रु.) रूपये दिया गया है। वहीं पत्रकार राहुल गौतम ने वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंवारपुर से बोला कि अगर आप चाहते हैं कि मैं शिकायत पत्र को पी.सी.सी.एफ. कार्यालय रायपुर में न दूं तो आप मुझे इस हेतु 4.00 (चार लाख) रूपये दे दो। जिससे यह स्पष्ट हो गया कि पत्रकार राहुल गौतम द्वारा हम दोनों अधिकारियों के दरम्यान आपसी मतभेद व मनमुटाव कराकर ब्लेकमेलिंग कर रहा है और हम दोनो से अनर्गल पैसा की मांग कर रहा है। पत्रकार राहुल गौतम के जनकपुर आने पर उससे पूछताछ करने से खुलासा हुआ कि इनके साथ चिरमिरी के अन्य दो पत्रकार इलियास खान एवं राजन पाण्डेय भी शामिल हैं, और ये तीनो एक साथ मिलकर हम दोनो वन अधिकारियों से ब्लेक मेलिंग कर रहे हैं। हम दोनो लोग इन ब्लेक मेलर पत्रकारों के इरादे को समझ गए और उनको एक पैसा भी नहीं दिए। जिससे बौखलाकर इन पत्रकारों ने हम दोनो वन अधिकारियों को जातिगत गाली गलौज किए और पत्रकारिता का धौंस बताते हुए धमकी चमकी दिए।

***इस संबंध मे वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वय चरणकेश्वर सिंह और शिव प्रसाद ध्रुव द्वारा बताया गया कि हम दोनो लोग चिरमिरी के पत्रकार राहुल गौतम, इलियास खान एवं राजन पाण्डेय के ऐसा कृत्य करने से काफी पीड़ित हैं और परेशान होकर संयुक्त हस्ताक्षर युक्त शिकायत पत्र पुलिस थाना जनकपुर में देकर इनके खिलाफ कार्यवाही करने की मांग किए है। मामले की जांच की जा रही है, जांच पश्चात कार्यवाही की जाएगी।***

***अमित कश्यप, निरीक्षक, थाना प्रभारी जनकपुर***

## अय्यप्पा मैदान में प्रधानमंत्री मोदी की आमसभा सात को

**बिश्रामपुर।** पिछले विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा एक्टिव मोड में नजर आ रही है। सरगुजा संभाग भर के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने के उद्देश्य से आगामी सात नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिश्रामपुर आ रहे हैं। यहां वे अय्यप्पा मंदिर मैदान में संभाग स्तरीय आम सभा को संबोधित करेंगे। बता दे कि साल 2014 में भी प्रधानमंत्री बनने से पूर्व नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के पक्ष में प्रचार करने विश्रामपुर के अय्यप्पा मंदिर मैदान आए थे। इस बार भी वे दिल्ली से प्लेन में रवाना होकर रायपुर पहुंचेंगे और वहां से सात नवंबर को हेलीकाप्टर से रवाना होकर सुबह दस बजे बिश्रामपुर के हेलीपैड पहुंचेंगे और वही अय्यप्पा मंदिर मैदान में संभाग के सभी भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में संभाग स्तरीय आम सभा को संबोधित करेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री की आम सभा के लिए 50 हजार से अधिक भीड़ जुटाने की तैयारी है।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को पूर्व मंत्री राजवाड़े ने पहुंचाया अस्पताल



**कोरिया/बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 सरडी घाट के समीप दो बाइक सवार के टकराने से गंभीर हादसा हो गया हादसे में घायल व्यक्तियों को पूर्व मंत्री भैया लाल राजवाड़े के द्वारा जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां पर एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं अन्य घायलों का इलाज जारी है इस संबंध में मृतक व्यक्ति के परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि सही समय पर एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने के कारण उक्त व्यक्ति की मौत हो गई उन्होंने यह भी बताया कि 108 संजीवनी एक्सप्रेस में फोन करने पर जानकारी दी गई थी अभी कोई भी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं है इसके बाद परिजनों ने पूर्व मंत्री भैया रजवाड़ों को फोन कर बुलाया तथा तत्काल उन्हें अस्पताल लाया गया। सही समय पर अगर एंबुलेंस उपलब्ध हो गया होता तो घायल व्यक्ति को मौत से बचाया जा सकता है लेकिन ऐसा हुआ नहीं मामला चाहे जो भी हो जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर इन गंभीर मामलों में हमेशा से विवादों में रहा है।

# अधिकारी से प्रताड़ित होकर खदान कर्मी ने नौकरी छोड़ी, लगाए कई आरोप



**चरचा कालरी।** एसईसीएल चर्चा माइन आर ओ के सहायक प्रबंधक खनन के द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने से परेशान कर्मचारी ने सह क्षेत्र प्रबंधक चर्चा, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त बिलासपुर, अध्यक्ष मानवाधिकार आयोग रायपुर ,थाना प्रभारी चर्चा के समक्ष अपना इस्तीफा प्रस्तुत कर कार्यवाही की मांग की।

आवेदन में पीड़ित कर्मचारी कुमारेश तालुकदार जो की फोरमैन इंचार्ज इलेक्ट्रिक के पद पर चर्चा ईस्ट ब्लॉक में कार्यरत है ने अपने आवेदन में उल्लेखित किया है कि पीड़ित बैकुंठपुर क्षेत्र के ई×एम विभाग में सबसे वरिष्ठ तथा चर्चा क्षेत्र में मासिक वेतन भोगी कर्मचारियों में सबसे वरिष्ठ कर्मचारी है और पिछले 15 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है वर्ष 2019 में ड्यूटी जाने के दौरान सड़क हादसे में उनके गले में चोट लगी थी जिससे गले की हड्डी काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो गई विभाग के द्वारा मेरा इलाज अपोलो हॉस्पिटल के स्पाइन सर्जन से कराया गया इसके पश्चात उनकी सलाह पर न्यूरो मनो चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के द्वारा वर्ष 2021 से बीमारी का इलाज और जांच निरंतर चल रहा है खदान के अंदर कार्य करने व भौगोलिक वातावरण में की वजह से मेरे स्वास्थ्य में वांछित सुधार नहीं हो पा रहा था तथा चिकित्सक के सलाह पर मैंने कार्यस्थल परिवर्तन हेतु खान प्रबंधक महोदय के समझ आवेदन कर बी.टी.सी चर्चा में स्थानांतरण हेतु आवेदन किया था वी.टी.सी चर्चा में पिछले एक वर्ष से इंस्ट्रक्टर इलेक्ट्रिक का पद खाली है मेरी दयनीय स्थिति को दृष्टिगत करने उक्त पद हेतु पर्याप्त योग्यता होने के बावजूद मुझे वहां नहीं भेजा गया पूर्व खान अधीक्षक ने मेरे प्रति सहानुभूति दर्शित करते हुए मेरे स्वास्थ्य में सुधार हेतु मुझे ड्यूटी में राहत देते हुए मौखिक रूप से आदेशित किया कि आप कटघोरी में सरफेस में रहकर खदान मैनेज कीजिएगा अति आवश्यक स्थिति में ही खान के अंदर जाकर कार्य करेंगे उनके आदेश का पालन मैं सम्मान पूर्वक निभाया तथा विशेष परिस्थिति में खान के अंदर जाकर इंस्पेक्शन तथा ब्रेकडाउन आदि कार्य सुचारू रूप से की है इस दौरान तात्कालिक खान प्रबंध क का स्थानांतरण हो गया उनके स्थानांतरण के पश्चात और जे.पी. सोनी जो की माइनिंग विभाग के अधिकारी हैं और मेरी स्थिति से अवगत होने के बावजूद वह मुझे लगातार खान के अंदर कार्य करने हेतु निर्देशित करते रहे जबकि उनका विभाग अलग है मेरे कार्य से कोई विशेष संबंध नहीं है। प्रबंधक जे.पी सोनी मुझे मानसिक प्रताड़ित करने के उद्देश्य से लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं जबकि उनको पूर्व खान अधीक्षक महोदय के द्वारा दिए गए आदेश के बारे में पहले से ही पता था मैं आपातकालीन दवा इमरजेंसी ड्रग के सहारे वर्तमान में अपना ड्यूटी कर रहा हूं अगर खदान के अंदर मेरे साथ किसी प्रकार की अनहोनी घटना घटित होती है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जे.पी .सोनी सहायक प्रबंधक खनन की होगी प्रतिदिन आपातकालीन दवा के उपयोग से मेरी स्थिति और भी खराब होते जा रही है मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए मेरा इस्तीफा मंजूर करने की कृपा करें तथा सेवा कॉल के बचे हुए 12 वर्षों का आर्थिक नुकसान का भुगतान अधिकारी से कराने व मुझे मानसिक प्रताड़ित करने इस्तीफा के लिए मजबूर करने वाले अधिकारी के प्रति उचित कार्यवाही करने की कृपा करें। पीड़ित कर्मचारी वर्तमान में अपना इलाज बाहर करवा रहा हैं सूत्रों के अनुसार पूर्व में भी एक कर्मचारी के द्वारा सहायक प्रबंधक खनन की प्रताड़ना से त्रस्त होकर इस्तीफा दिया गया था इसके अतिरिक्त कर्मचारियों के साथ भी अधिकारी का व्यवहार कटुता पूर्ण रहता है जिससे प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच की दूरी और बढ़ रही है। पीड़ित कर्मचारी के आवेदन के प्रति चर्चा माइन के नव पदस्थ क्षेत्र प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है मैंने अभी जॉइनिंग ली है इस प्रकार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है ऐसा नहीं होना चाहिए ,इस्तीफा किसी समस्या का समाधान नहीं है, जानकारी लेकर निष्पक्ष कार्यवाही करेंगे।

## अभी धान की कटाई इसलिए उपार्जन केंद्रों में वीरानी

**बलरामपुर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पहले दिन सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया व महेंद्रगढ़- चिरमिरी- भरतपुर जिले में धान खरीदी की बोहनी नहीं हो सकी है। पांचो जिले के 153 सहकारी समितियों के अंतर्गत 203 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की सारी व्यवस्था पूरी कर ली गई थी। अभी धान कटाई और मिसाई का कार्य पूरा नहीं होने के कारण उपार्जन केंद्रों में बिक्री के लिए धान ले जाने की स्थिति नहीं है। पांचो जिले में कम से कम एक सप्ताह के बाद ही समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की शुरुआत हो सकती है। वर्तमान में जल्दी पकने वाली धान खेतों में पक चुकी है। किसान इसकी कटाई कर रहे हैं। किसानों द्वारा कटाई के बाद धान को खलिहान में लाया जा रहा है। गिने-चुने किसानों के यहां ही धान की मिसाई शुरू हो सकी है। इस वर्ष समय पर मानसून की दस्तक के बाद भी बीच में अवरोध की स्थिति उतपन्न नहीं हुई थी।

# लाहिड़ी महाविद्यालय चिरमिरी में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई

**चिरमिरी।** शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी में स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री एवं लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

ग़ौरतलब है कि भारत के पहले गृह मंत्री रहते हुए सरदार पटेल ने कई देशी रियासतों को भारत संघ में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इनके इस महानतम कार्य से ये भारत के लौह पुरुष के रूप में विख्यात हुएऔर भारतीय गणराज्य के संस्थापक नेताओं के रूप में भी गौरवान्वित हुए। इनके इस महानतम कार्य को अविस्मरणीय रखने के लिए प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है इस अवसर पर देश एवं प्रदेश के सभी सरकारी संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में वृहद रूप से राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. रामकिंकर पांडेय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी विरेन्द्र कुमार एवं प्रेमा




कुजूर के मार्गदर्शन में स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण से राष्ट्रीय एकता रैली का आयोजन किया। रैली छोटी बाजार एवं महाविद्यालय मैदान में संपन्न हुआ।तत्पश्चात महाविद्यालय मैदान में संक्षिप्त कार्यक्रम रखा गया। प्रो . सुभाषचन्द्र चतुर्वेदी ने छात्र- छात्राओं को सरदार पटेल के द्वारा देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए किये गये योगदान को याद करते हुए छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय एकता के आदर्श मूल्य को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किये एवं राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाई गई। इस दौरान महाविद्यालय के डॉ. राजकिशोर सिंह बघेल, श्रीमती अनुराधा सहारिया, मोहिनी राठौर, मंजू राही, अंकिता जायसवाल, आयुषी राय, प्रियम्बदा शुक्ला, डॉ. रामनारायण पनिका, डॉ. उमाशंकर मिश्रा, विकास खटीक, गिरीश दास, चैतन्य निषाद, भागवत प्रसाद जांगड़े और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एसईसीएल चिरमिरी के तत्वाधान में केंद्रीय विद्यालय में स्वच्छता रैली का आयोजन

**चिरमिरी।** एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र द्वारा नागरिकों को स्वस्थ रखने तथा स्वच्छता अपनाने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 के तहत रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि सब एरिया मैनेजर कुरसिया एवं नामित अध्यक्ष, केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति अरुण सिंह चौहान तथा एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के अन्य अधिकारियों की गरिमामई उपस्थिति में विद्यालय प्राचार्य एन.के.सिन्हा ने की । रैली विद्यालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर डोमनहिल मार्केट से गुजरती हुई विद्यालय की मुख्य द्वार पर समाप्त हुई। इस दौरान सभी शिक्षकों , कर्मचारियों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं ने यह प्रतिज्ञा ली कि हम अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा फिजिकल एक्सरसाइज करेंगे, अपने आस-पास के वातावरण को साफ




रखेंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे । इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चोहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा देश युवाओं का देश माना जाता है । यहाँ युवाओं की संख्या अन्य देशों की तुलना में अधिक संख्या में है । ये युवा एवं देश के सभी नागरिक स्वस्थ रहें इसीलिए भारत सरकार ने फिट इंडिया फ्रीडम रन की मुहिम चलायी है । हम सबको इस मुहिम में अपना योगदान देकर इसे सफल बनाना है । प्राचार्य एन.के. सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत पर्वों का देश है । यहाँ के लगभग अधिकांश पर्वों में खेल कूद का अपना विशेष महत्व रहा है। विभिन्न अवसरों पर कुश्ती, कब्बडी, दौड़, रिले रेस, ऊंची कूद, रस्सी कूद , फुटबॉल, क्रिकेट आदि क्रीड़ा प्रतियोगिता इसलिए आयोजित किए जाते हैं ताकि हम शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें । श्री सिन्हा ने कहा कि आप सभी अपने लिए कम से कम आधा घंटे का समय निकालकर फिजिकल एक्सरसाइज करें तथा बच्चे कम से कम प्रतिदिन 40 मिनट अपनी रुचि के अनुसार किसी न किसी आउटडोर गेम्स के लिए समय निकालें। इस दौरान एसईसीएल कुरसिया क्षेत्र के कार्मिक प्रबंधक योगेन्द्र सिंह, मलय बोस के अलावा विद्यालय के समस्त स्टाफ समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** पांडवपारा कॉलरी क्षेत्र में पदस्थ शिक्षक राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी 31 अक्टूबर को सेवानिवृत हुए। श्री द्विवेदी ने शिक्षक के रूप में 41 वर्षों की सेवा दी है। सेवानिवृत्ति के समय वे कोरिया जिले के ग्राम टेमरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ थे। शिक्षक के रूप में 11 फरवरी 1982 को कोरिया जिले के कटकोना में पदभार ग्रहण किया था वहीं 31 अक्टूबर 2023 को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टेमरी से रिटायर हुए। श्री राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी के सेवानिवृत्ति पर उनके सहकर्मियों सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## बाइक चालक के कब्जे से 7.31 लाख नगदी रकम जब्त, मामला दर्ज



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में 9 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में सभी प्रकार के वाहनों की सघन जांच की कार्यवाही की जा रही है। जिला निर्वाचन आयोग, कोरिया द्वारा गठित एसएसटी कूड़ेली नाका प्रभारी अमित तिग्गा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक मोटर साइकिल सी जी 16 सी 9975 में ग्राम चेर, बैकुंठपुर निवासी राज कुमार, पिता समय लाल से आज दोपहर को नगद 7 लाख 31 हजार 800 रुपए उनके बैग से बरामद कर जब्ती की कार्यवाही की गई है। बता दे जिले में लगातार मोटर साइकिल सहित सभी प्रकार के वाहनों की सघन जांच, नाके व चेक पोस्ट पर वीडियोग्राफी के साथ लगातार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक आज एसएसटी द्वारा कूड़ेली नाका में 7 लाख 31 हजार 800 रुपये बरामद कर जब्ती की कार्यवाही की गई है।

## 7 से 30 नवंबर तक एक्जिट पोल पर प्रतिबंध

**अंबिकापुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी सात नवम्बर से 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर रोक लगाई गई है।

# नर्सिंग कॉलेज से संबंधित जांच रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं की

### मेडिकल काउंसिल की टीम ने कुछ बिंदुओं पर किया था निरीक्षण

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के गांधी नागरिक एकता मंच के अध्यक्ष संजय जायसवाल पिता शिवमंगल जायसवाल उम्र 39 वर्ष निवासी जूनापारा बैकुण्ठपुर ने शहर में अवैध रूप से संचालित न्यू लाईफ नर्सिंग कॉलेज की शिकायत करने के बाद 18 अक्टूबर को मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर से डॉक्टर कुलकर्णी की अगुवाई में 3 सदस्यीय जांच दल निरीक्षण करने आया था। लेकिन आज तक जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की, जिससे ऐसा प्रतीत होता है की जांच दल भी मैनेज हो गया है।

संजय जायसवाल की शिकायत के मुताबिक मेन रोड बैकुण्ठपुर में विगत 8-9 वर्षों से न्यू लाईफ नर्सिंग कॉलेज संचालित है, जो भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली के द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं निर्धारित मापदण्डों एवं नियमों के विपरीत है। भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली के द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं निर्धारित मापदण्डों एवं नियमों के अनुसार नर्सिंग कॉलेज के लिए न्यूनतम 100 सीटें रखा जाना और उसके अनुरूप 300 बिस्तरों की सुविधा अनिवार्य है, जबकि न्यू लाईफ नर्सिंग कॉलेज बैकुण्ठपुर में इसका अभाव है। इसी प्रकार उक्त कॉलेज में जो कक्ष हैं, वे अत्यंत संकीर्ण हैं, जिसमें प्राकृतिक हवा एवं प्रकाश की उक्त व्यवस्था नहीं है। फायर सेफ्टी की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। यह कि उपचर्या परिषद नई दिल्ली के द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं निर्धारित मापदण्डों एवं नियमों के अनुसार नर्सिंग कॉलेज के लिए 60 छात्रों की क्षमता के लिए 23200 वर्गफीट भूमि पर नर्सिंग कॉलेज भवन का निर्माण होना अनिवार्य है, जबकि न्यू लाईफ नर्सिंग कॉलेज लगभग 9703 वर्ग फीट पर निर्मित भवन में संचालित है, उक्त भवन की कोई लीज मूल भूमि स्वामी से प्राप्त नहीं की गयी है, बल्कि अतिक्रमण के उदेश्य से उक्त संस्था संचालित की जा रही है, जो कभी भी विवाद में उलझ सकती है। यह कि उपचर्या परिषद नई दिल्ली के द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं निर्धारित मापदण्डों एवं नियमों के अनुसार नर्सिंग कॉलेज के लिए 1600 वर्ग फीट भूमि पर लैब, 1200 वर्ग फीट भूमि पर कम्युनिटी हेल्थ एवं न्यूट्रीशियन लैब 900 वर्ग फीट भूमि पर



प्रसुति नर्सिंग लैब 900 वर्ग फीट भूमि पर चाईल्ड हेल्थ नर्सिंग लैब, 900 वर्ग फीट भूमि पर प्री-क्लीनिकल साईन्स लैब 1500 वर्ग फीट भूमि पर कम्प्यूटर लैब 3000 वर्ग फीट भूमि पर मल्टी परपज रूम, 1500 वर्ग फीट भूमि पर मल्टी परपज रूम, 1000 वर्ग फीट भूमि पर कॉमन रूम महिला-पुरुष, 800 वर्ग फीट भूमि पर स्टाफ रूम, 300 वर्ग फीट भूमि पर प्राचार्य कक्ष, 200 वर्ग फीट भूमि पर उप प्राचार्य कक्ष, 2300 वर्ग फीट भूमि पर पुस्तकालय, विभागाध्यक्ष के लिए 5 कक्ष 200-200 वर्ग फीट भूमि पर फैकल्टीज रूम के लिए 2400 वर्ग फीट, प्रशासन कक्ष के लिए 1000 वर्ग फीट भूमि इस प्रकार लगभग 23000 वर्ग फीट भूमि पर पृथक-पृथक कक्ष निर्मित होना एवं इसका सम्पूर्ण सेटअप होना अनिवार्य है। इसी तरह से हॉस्टल के लिए 21100 वर्ग फीट भूमि, जिसमें सिंगल डबल प्रशासन, आगन्तुक / विजिटर कक्ष, पठन-पाठन कक्ष, भण्डार कक्ष, डाईनिंग-किचन, वार्डन रूम सम्मिलित है, न्यू लाईफ नर्सिंग कॉलेज में उपरोक्त व्यवस्था का सर्वथा अभाव है। यह कि उपचर्या परिषद नई दिल्ली के द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं निर्धारित मापदण्डों एवं नियमों के अनुसार नर्सिंग कॉलेज के लिए प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ की संख्या समस्त छात्रों की संख्या का 30 प्रतिशत अर्थात् लगभग 39 से कम नहीं होनी चाहिए. किंतु वर्तमान में संचालित न्यू लाईफ नर्सिंग कॉलेज में मात्र 6-7 से ज्यादा प्राचार्य सहित प्राध्यापक नहीं हैं, उक्त संबंध में फर्जी आंकड़े दर्शाकर नियमों को धत्ता बतलाकर कथित नर्सिंग कॉलेज का पंजीयन प्राप्त किया गया है, जो उपचर्या परिषद नई दिल्ली के द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं निर्धारित मापदण्डों एवं नियमों के विपरीत है। नियमानुसार 37 स्टॉफ होने चाहिए लेकिन इस नर्सिंग कॉलेज में स्टॉफ कम हैं, स्टॉफ की सेलरी स्लिप से भी इसकी तस्दीक की जा सकती है की स्टॉफ कितने हैं। लायब्रेरी में भी नियमनुसार किताबे कम हैं। इसी प्रकार छात्राओं के लिए एमएलए नगर में बना छात्रावास भी संदेह के घेरे में है। वहां अलग से बाउंड्री वॉल नही है। जबकि आए दिन इस कालोनी में असामाजिक तत्व उपद्रव करते हैं, जिसकी शिकायत कालोनी के लोगो ने कई बार थाने में भी की है। यह कि न्यू लाईफ नर्सिंग कॉलेज मूलत: जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में पदस्थ शासकीय लोक सेवक जिला सलाहकार / प्रभारी डी0पी0एम0 डॉ0 प्रिन्स जायसवाल द्वारा मनमाने रूप से संचालित किया जा रहा है, जिनकी स्थानीय जिला प्रशासन में पंहुच प्रभाव एवं काफी दखल है, जो नाममात्र के लिए अपनी पत्नी श्रीमती वंदना जायसवाल को उक्त संस्था का प्रमुख निरूपित किये हुए हैं, जो कभी उक्त संस्था में आती-जाती नहीं हैं, बल्कि अनावेदक डॉ0 प्रिन्स जायसवाल अपने शासकीय कार्यों को छोड़कर पूर्ण रूप से उक्त नर्सिंग कॉलेज में अपना सम्पूर्ण समय देकर अनुचित लाभ अर्जित कर रहे हैं, जो सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम के प्रावधानों के अनुसार कदाचरण की श्रेणी में आता है।

यह कि अनावेदक डॉ0 प्रिन्स जायसवाल वैसे तो जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में शासकीय लोक सेवक जिला सलाहकार / प्रभारी डी0पी0एम0 के पद पर पदस्थ हैं, जो काफी व्यक्ति हैं, जिसके द्वारा फर्जी तौर पर प्रत्यक्ष रूप से न्यू लाईफ नर्सिंग कॉलेज संचालित किया जा रहा है, एक तरफ वह राज्य शासन के अधीन शासकीय सेवक होते हुए शासन से मोटा वेतन प्राप्त कर रहे है, वहीं दूसरी तरफ अपनी पत्नी वंदना जायसवाल के नाम से फर्जी तौर पर उक्त संस्था अनियमित एवं अवैधानिक तौर पर संचालित कर रहे हैं तथा नर्सिंग छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड कर रहे हैं। न्यू लाईफ नर्सिंग कॉलेज के समीपस्थ सेन्ट्रल बैंक, एच.एफ. डी. सी. बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया एवं अन्य व्यापारिक संस्थान / दुकान में स्थापित किये गये सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के सी.सी. टी.व्ही. फुटेज खंगाले जाने तथा स्थानीय जनों से इसकी जानकारी गोपनीय ढंग से ली जाकर कथित संस्था में अनावेदक डॉ0 प्रिन्स जायसवाल के आमद - रफ्त एवं मौजूदगी संबंधी तथ्य की पुष्टि की जा सकती है।

# पिता गया इलाज कराने हरियाणा तो पुत्र ने बुआ घर लगाई फांसी

## 0 मां दो वर्ष पहले स्वर्ग सिधार चुकी 0 दो दिन से गया था मेहमानी में

**कोरबा।** कोयलांचल के सीएमपीडीआई कालोनी में आज सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब क्वाटर नंबर बी-37 में पड़ोसियों ने मेहमानी में आए एक 16 वर्षीय किशोर को पाइप के म्यार में रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर उसमें झूलते देखा। यह खबर जंगल में लगी आग की तरह चारों ओर फैल गई। तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के उपरांत शव को फंदे से उतरवाकर भिलाईबाजार पीएचसी चीरघर भिजवा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल कालोनी विजय पुनिया उम्र 42 वर्ष की पत्नी की दो वर्ष पूर्व आकस्मिक मृत्यु हो चुकी थी। जिसके बाद वह अपने इकलौते पुत्र रोहित कुमार पुनिया उम्र 16 को साथ लेकर सीएमपीडीआई कालोनी के अपने क्वाटर में रहने लगा था। इसी दौरान कुछ माह से विजय पुनिया की भी स्वास्थ्य खराब रहने लगा। जिसका वह एसईसीएल के गेवरा अस्पताल एवं राजधानी रायपुर के अस्पतालों में भी उपचार कराया। मगर कोई सुधार नहीं होने से हरियाणा प्रांत में स्थित एक नामी-गिरामी अस्पताल में उपचार कराने के लिए दो दिन पूर्व गया है। उस दिन उसने अपने पुत्र को अपनी बहन के आवास क्रमांक बी-37 में रहने के लिए भेज दिया था। वहां उसका पुत्र रहने लगा था।

बताया जाता है कि आज सुबह एसईसीएल कुसमुंडा की सीएमपीडीआई कालोनी के क्वाटर नंबर बी-36 निवासी चंचल पांजा उम्र 39 पिता धरमदास पांजा ने देखा कि उसके पड़ोसी के क्वाटर नंबर बी-37 में दो दिनों से मेहमानी में आया रोहित कुमार पुनिया उम्र 16 पाइप के म्यार में रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर लटक रहा है। उसने इस घटना की जानकारी उक्त लड़के के रिश्तेदारों को दी तथा तत्काल कुसमुंडा थाना पहुंचकर पुलिस को इस घटनाक्रम से अवगत कराया। कुसमुंडा टीआई कृष्ण कुमार वर्मा के निर्देशन में घटना स्थल पहुंचे थाने के एएसआई रफीक खान ने मामले में मर्ग क्रमांक 63/23 एवं सीआरपीसी की धारा 174 दर्ज कर मृतक के शव को पंचनामा कार्यवाही के उपरांत फंदे से उतरवाकर उसे पीएम के लिए भिलाईबाजार पीएचसी के चीरघर भिजवा दिया।

## पुत्र गया प्रचार में, उधर पिता ने जहरपान कर दे दी जान

**कोरबा।** उरगा थानांतर्गत संडैल के आदिले परिवार में संयोग और दुर्योग ने एक साथ कल शाम को दस्तक दिया। जहां पुत्र नकटीखार में एक प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने गया। वहीं दूसरी ओर उसके पिता ने जहर सेवन कर लिया। जिसे डायल 108 वाहन से जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार तिलकराम आदिले उम्र 62 पिता लाला राम आदिले खेती-किसानी अपने ग्राम संडैल में करता था। जबकि इसका पुत्र संजय आदिले उम्र 25 एक राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़ने के कारण पार्टी के कार्यक्रमों में अक्सर शामिल होते रहता था। कल शाम वह नकटीखार में प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत करने गया था। इधर तिलकराम आदिले ने जहर सेवन कर लिया। जिसकी हालत बिगड़ने पर परिवार के सदस्यों ने पड़ोसिया के साथ डायल 108 वाहन में लेकर उसे जिला अस्पताल पहुंचे। उधर सूचना मिलने पर नकटीखार से उसका पुत्र भी पहुंचा। तब तक उपचार के दौरान उसकी मौत हो चुकी थी।

# पुराने तहसील कार्यालय को गोदाम बनाया, पटाखा जब्त

## दीपका के कारोबारियों ने किया था लाखों का भंडारण



**कोरबा।** कोयलांचल दीपका में दीपावली सीजन से ठीक पहले लाखों का पटाखा जब्त हुआ है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जिस जगह पर इसका भंडारण किया गया था वह सरकारी भवन है। पुलिस ने मामले में फिलहाल लिखा-पढ़ी जारी रहने की बात कही है।

दावा किया जा रहा है कि पिकअप में आ सकने वाली मात्रा इस सरकारी भवन से जब्त की गई। दीपका में एक वस्त्रालय और अन्य संस्थान का संचालन करने वाले कारोबारियों के द्वारा दीपावली को ध्यान में रखते हुए बड़ी मात्रा में पटाखा सामाग्री का भंडारण किया गया था। आगामी दिनों में इसे यहां से निकालना था। इस बीच पुलिस को भनक लगी और उसने दबिश दी। अनेक काटून और दूसरे हिस्सों में रखे गए पटाखों को बाहर निकालने के साथ पिकअप से आरक्षी केंद्र भिजवाया गया। जितनी मात्रा में पटाखा यहां से जब्त हुआ है उस हिसाब से आंकलन किया जा रहा है कि यह लाखों का हो सकता है। इलाके में अब तक कि यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। जिसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कहा जा रहा है कि पुराने तहसील कार्यालय को गोडाउन बनाने के लिए एक कांग्रेस नेत्री का सहयोग लिया गया था और भंडारण जैसी प्रक्रिया पूरी की गई थी। बुधवार को जानकारी मिलने पर पुलिस ने एक टीम भेजी और मौके से ज्वलनशील सामाग्री को कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के अगले दिवस पूर्वान्ह तक पुलिस ने इस बारे में तथ्यों को लेकर यही कहा कि लिखा-पढ़ी चल रही है और पूरी होने के बाद जानकारी दी जा सकेगी।

## नहीं सुधरी सड़क

**कोरबा।** मुड़ापार शॉपिंग काम्प्लेक्स से सीजीएम कार्यालय एसईसीएल को जाने वाली सड़क बदहाली का शिकार है। लोग पिछले कई महीनों से इसे लेकर शिकायत करते आ रहे हैं। उन्हें दुर्गति के बीच आवाजाही करनी पड़ री है।

# सूरजपुर से पहुंचे 11 हाथी, रौंदी फसल

**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा के केंदई रेंज में 11 हाथियों का एक और दल पड़ोसी जिले सूरजपुर से पहुंच गया है। अचानक पहुंचे हाथियों के इस दल ने उत्पात मचाते हुए लैंगा क्षेत्र में 10 ग्रामीणों की फसल को रौंदने के बाद बोटोपाल जंगल पहुंच गया है। बड़ी संख्या में हाथियों के पड़ोसी जिले से पहुंचने पर वन विभाग का अमला सतर्क हो गया है और हाथियों की निगरानी में जुटने के साथ आसपास के गांवों में मुनादी करा रहा है। वहीं एक लोनर हाथी कोरबी क्षेत्र में विचरणरत है। इस हाथी ने भी बीती रात खेतों में पहुंचकर ग्रामीणों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। जबकि पसान रेंज के बनिया व सेमरहा गांव में 48 हाथियों का दल दो झुंडों में बंटकर उत्पात मचा रहा है। हाथियों के दल ने दोनों ही गांवों में फसलों को मटियामेट कर दिया है। हाथियों के लगातार क्षेत्र में विचरण करने तथा उत्पात मचाकर फसलों को नुकसान पहुंचाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। वन विभाग का अमला लगातार हाथियों की निगरानी में जुटा हुआ है। बावजूद इसके हाथी खेतों में पहुंचकर फसलों को रौंद ग्रामीणों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं।

## जहर खाकर वृद्ध ने जान दी

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम संडैल में रहने वाले एक 65 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति ने कीटनाशक का सेवन कर अपनी जान दे दी। मृतक का नाम तिलक राम आदिले है जिसने किन कारणों से यह आत्मघाती कदम उठाया इस बात का पता नहीं चल सका है। मृतक के छोटे भाई ने बताया,कि घर पर सभी लोग मौजूद थे इसी दौरान पता चला,कि तिलक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। तिलक द्वारा लगातर उल्टी किए जाने के बाद उसे 108 संजीवनी एक्सप्रेस के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

***कोरबा।** करतला वन परिक्षेत्र के घोटमार जंगल में एक दंतैल हाथी के पहुंचने से खतरा बढ़ गया है।

## रेल ब्रिज के काम मे लगे मजदूर की क्रैन से दबकर मौत

**कोरबा।** जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर ग्राम देवमठी में हुए हादसे में मजदूर की मौत हो गई। वह क्रेन की चपेट में आ गया था। बांगो पुलिस ने 174 सीआरपीसी के तहत मर्ग दर्ज किया है। जांच के साथ अपराध भी कायम किया जाएगा।

बांगो थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि देवमिट्टी(चोटिया) गांव में रेलवे पुल बनाने का काम चल रहा है। इसके लिए एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को कम दिया गया है। उसने बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के मजदूरों को काम पर लगाया है। पिछली शाम सभी मजदूर काम पर लगे हुए थे। कहा जा रहा है कि क्रेन के चालक ने बिना आगे पीछे देखे क्रेन को बैक किया, जिससे मजदूर उसके नीचे आ गया और मौके पर ही उसका अंत हो गया। मृतक का नाम झीनक राम है और वो मूल रुप से यूपी के नेपाल सीमा के नजदीक सिद्धार्थ नगर जिले के बधेपुरवा गांव का निवासी था। घटना की जानकारी मिलते ही बांगो पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पुलिस ले लाश पीएम के लिए भेज दिया है।

***कोरबा।** पति की लंबी आयु के लिए कोरबा के जेपी कॉलोनी में भी महिलाओं ने करवा चैथ का व्रत पूरा करते हुए पूजा अर्चना की,जिसके बाद उन्होंने चंद्रमा के दर्शन कर अपने पति की आरती उतारी और उनके हाथों से पानी पीकर अपना व्रत पूरा किया।

# सीएसईबी कार्यालय के सामने ट्रक में आग लगी, कूदकर बचाई जान



**कोरबा।** गुरुवार को तुलसी नगर स्थित छत्तीसगढ़ बिजली वितरण कंपनी के जोनल कार्यालय के सामने अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई, जब सड़क पर खड़ी ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की छोटी सी चिंगारी भड़क गई। इससे ट्रक धू-धूकर जलने लगा। शॉर्ट सर्किट के कारण ट्रक में आग लगने की बात कही जा रही है। ट्रक चालक ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बनाई। इस घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। आस पास के लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद नगर सेना का दमकल विभाग मौके पर पहुची और किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना में किसी तरह की जनहानी नहीं होने से सभी ने राहत की सांस ली है।

## लुभावने वादों के भरोसे प्रत्याशी

**कटघोरा।** चुनाव में उतरे प्रत्याशी जनता से लुभावने वादे करने के मामले में आगे हैं। अंदाज ऐसा है कि करेले को चासनी में लपेटकर पेस्ट किया जाए। जानकार बताते हैं कि नेताओं की चाल को समय के साथ मतदाता भलीभांति समझ रहे हैं। इसके बावजूद हर बार की तरह प्रत्याशियों से अपेक्षाएं भी हैं।

# लिफ्ट बिगड़ने से कोयला कामगार हो रहे परेशान

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रयोजना में कोयला लदान स्थल साइलो का लिफ्ट कई महीनों से खराब है कोयला कामगार सीढ़ियों के माध्यम से ऊपर जाते है। आने-जाने में उन्हें जान का खतरा बना रहता है भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के प्रीतम राठौर ने प्रबंधन को पत्र लिखकर कहा है कि बिगड़े हुए लिफ्ट को तत्काल बनाया जाए। साइलो में काफी संख्या में कोयला कामगार काम करते है। इस साइलो से एनटीपीसी के लिए कोयला लदान होता है। प्रबंधन अगर इा मामलो को गंभीरता से नही लेती है तो जेसीसी बैठक में उठाया जाएगा

## प्रभारी जायसवाल सक्ती केन्द्रों में ले रहे बैठक

**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रभारी कृष्णा जायसवाल लगातार सक्ती केन्द्रों में बैठक ले रहे है। कल बुंदेली व चाकामार में कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। यहां पर कमलेश अंनत, फूलसिंह कंवर , मनोज धिरहे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। आकाश सक्सेना ने बताया कि कृष्णा जायसवाल लगातार बैठक ले रहे है। उनके बैठक को सफल बनाने में नटवर शर्मा, लक्ष्मी श्रीवास ,सुमित वर्मा, प्रदीप पटेल, धनजंय चौहान, प्रकाश यादव, अजय कंवर, शुभभ हलवाई, प्रीति स्वर्णकार, किशन साव जुटे हुए है।

# जनता नाराज, कई वार्डों के पार्षद प्रचार करने की स्थिति में नहीं

**कोरबा।** विधानसभा चुनाव के अंतर्गत प्रत्याशियों के साथ-साथ पार्षदों को भी शहरी क्षेत्र में प्रचार करने की जिम्मेदारी मिली हुई है। कोरबा और कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों में अनेक पार्षदों की स्थिति अपने व्यवहार और कामकाज के मामले में इतनी बेकार है कि वे प्रचार करने निकल नहीं रहे हैं। जनता की नाराजगी और मौके पर फजीहत होने का डर ऐसे नेताओं को बुरी तरह से सता रहा है।

नगर निगम के कोरबा, कोसाबाड़ी, दर्री और ट्रांसपोर्ट नगर जोन में इस तरह के मामले ज्यादा हैं। बीते वर्षों में कामकाज को लेकर जनता की शिकायत रही है। दूसरी ओर पार्षदों को लेकर कहा जा रहा है कि वे सीधे मुंह बात करने को तैयार हैं और न ही वार्ड की गलियों में निकलते हैं। ऐसे में नागरिकों को समस्याओं का समाधान अपने स्तर परर करना पड़ रहा है। इसलिए लोग कह रहे हैं कि उन्हें ऐसे नेताओं की क्या जरूरत। नगर पालिका क्षेत्र कटघोरा, दीपका और नगर पंचायत छुरी में भी इस प्रकार के पार्षदों को विधानसभा चुनाव में दूरियां बनानी पड़ रही है। औपचारिकता के लिए उन्होंने कई तरह के रास्ते तलाश लिये हैं।

इन सबसे अलग हर तरह के मामलों में रूचि रखने से लेकर त्वरित समाधान करने को लेकर जिन पार्षदों ने लगातार काम किया, उन्हें जनता के करीब जाने और अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने से लेकर पार्टी के झंडे, बैनर उठाने में कोई समस्या नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करने पर जनता का रूख सामने आ रहा है। लोगों का कहना है कि मुद्दों के साथ-साथ और भी ऐसे कई चीजें हैं जिसके आधार पर वे लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपनी भूमिका निभाएंगे। लोग साफ कहते हैं कि राजनीति में वर्चस्व और एकाधिकार न तो कभी स्थायी थे और न रहेंगे।

## इशिता को नृत्य में मिला प्रथम स्थान



**कोरबा।** नृत्यधाम कला समिति भिलाई द्वारा शकुंतला ऑडिटोरियम दुर्ग में राष्ट्रीय नृत्य संगीत प्रतियोगिता 'देश राग 2023' का आयोजन किया गया, 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक 7 दिन चली इस प्रतियोगिता में नृत्य गायन एवं वादन के 1200 से अधिक प्रतिभागी कलाकारों ने हिस्सा लिया ,जिसमें कोरबा जिले की होनहार बाल कलाकार (कथक नृत्यांगना) ईशिता कश्यप ने कथक नृत्य जूनियर वर्ग में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए एकबार फिर जिले का मान बढ़ाया है।

## महंत समाज भी प्रचार में जुटा

**कोरबा।** महंत समाज के व पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश मानिकपुरी अपने साथियो के साथ कोरबा विधानसभा क्षेत्र में प्रचार कर रहे है। उनके साथ पूजा महंत ,राधा मंहत, रोहन दास सहित अन्य कार्यकर्ता घरों में जा रहे है। इस कार्य में महंत समाज के जिलाध्यक्ष संतोष दास भी सहयोग कर रहे है। पिछले दिनों प्रेमनगर क्षेत्र में प्रचार किया गया। इस दौरान इंदिरा सेक्टर के अध्यक्ष टीकाराम मनहरण भी साथ थे।

## कोतवाली पुलिस ने मवाली पर 110 के तहत व 8 बाइक चालकों पर की कार्रवाई

**कोरबा।** एसपी जितेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में चुनाव आचार संहिता के परिपालन के तहत जारी दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए सिटी कोतवाली टीआई रूपक शर्मा एवं उनके मातहत स्टाफ ने शनि मंदिर सीतामणी मोहल्ला निवासी मवाली युवक बबई दास उम्र 33 पिता अनिल दास महंत के विरूद्ध धारा 110 गुंडा एक्ट के तहत उसके द्वारा पूर्व में किये गए आधा दर्जन अपराधों के कारण कार्रवाई आज की गई। वहीं शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने पर वाहन चेकिंग के दौरान 8 बाइक चालकों पर मोव्ही एक्ट के तहत 2400 रुपए जुर्माना की कार्रवाई की गई। उपरोक्त कार्रवाई टीआई के निर्देशन में एएसआई अजय सिंह, आरक्षक सुनील राजपूत, चंद्रकांत गुप्ता व हमराह स्टाफ द्वारा की गई।

श्रीं
प्लाट बेचना है
टीपी नगर व अमरैय्यापारा में प्लाट बेचना है शीघ्र
संपर्क करें
62681-46606

# प्रकृति का उपकार माना, की गई विधिपूर्वक पूजा

## झगरहा के सामाजिक भवन में करमा पूजा

**कोरबा।** शुक्रवार को उरांव आदिवासी समाज कोरबा द्वारा परंपरागत आस्था के साथ करम पूजा किया गया। प्रकृति के मानव सभ्यता पर अनेक उपकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने की मान्यता इस त्योहार के साथ जुड़ी हुई है।

आज के दिन परंपरागत संस्कृति के अनुसार संध्या काल में गोधूलि की बेला में करम वृक्ष की डाली को झगराहा स्थित उरांव सामाजिक भवन के अखाड़ा में परंपरागत पूजा पद्धति एवं आस्था के साथ स्थापना किया गया। उरांव आदिवासी समाज के बैगा बनवारी लाल उरांव जी द्वारा करम देव की परंपरागत पूजा किया गया। इस अवसर पर उरांव समाज की कुंवारी कन्याओं द्वारा दिन भर उपवास रहकर पार्वती रूप में इस करमदेव महादेव



की विधिवत पूजा अर्चना की गई और उरांव आदिवासी समाज के लोग पूजा में शामिल होकर रात भर करम देव के चारों ओर भक्ति में मांदर की थाप पर नाचते हुए करम गीत गाते हैं और करम देव को प्रसन्न करते करते हुए कोरबा जिले के सभी लोगों के लिए खुशहाली और उन्नति की कामना की। प्रात: काल में सूर्योदय की बेला में करम की पूजा अर्चना करते हुए विसर्जन कर दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में धनवार समाज की ओर से कीर्तन सिंह धनवार, गोंड समाज के निर्मल सिंह राज, हो समाज की ओर से रमेश सिरका, कंवर समाज की ओर से शिव नारायण सिंह कंवर, मांझी समाज की ओर से प्रवीण पलिया, तंवर समाज की ओर से एमपी सिंह तंवर उपस्थित थे। उरांव आदिवासी समाज के अध्यक्ष राम रतन निकुंज एवं सचिव नंदकुमार भगत एवं महिला प्रभाग से श्रीमती सुषमा भगत ने बताया कि प्रतिवर्ष कुंवर पूर्णिमा की तिथि में रूढ़ी प्रथा अनुसार आदि देव महादेव के रूप में करम देव की पूजा अर्चना उरांव आदिवासी समाज करता चला रहा है जो की उरांव आदिवासी समाज की खुशहाली एवं उन्नति के लिए प्रकृति पूजा के रूप में हर साल किया जाता है।




होटल देवांश
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
नॉन AC डबल बेड 800/-
लक्जरी रूम
नॉन AC सिंगल बेड 650/-
Behind Tarun Chhattisgarh, Kunwabhatta, T. P. Nagar, Korba (C.G.)

होटल आकाश
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
लक्जरी रूम
Tilak Marg, Budhwari Bypass Road, T. P. Nagar, KORBA, Dist. Korba (C.G.) 495 677

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com